कोटद्वार, रविवार
21 सितम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 136 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

देवप्रयाग का बमाणा मोटर मार्ग चट्टान टूटने से बंद

नई टिहरी। देवप्रयाग से जुड़े रामपुर–श्यामपुर– बमाणा मार्ग पर शनिवार सुबह अचानक चट्टान टूटने से हड़कंप मच गया। घटना से थोड़ी देर पहले से यहां से कुछ वाहन व ग्रामीण पैदल चलते निकले थे। वहीं भारी चट्टानों से सड़क का पुश्ता भी ढह गया जिससे मार्ग पर आवाजाही ठप पड गयी। शनिवार सुबह देवप्रयाग से आठ किमी दूर रामपुर–श्यामपुर बमाणा मोटरमार्ग पर चट्टान का एक हिस्सा पर सड़क पर आ गिरा। भारी चट्टानों से यहां सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के कुछ समय पहले ही कुछ वाहन व ग्रामीण यहाँ से गुजर रहे थे। लोनिवि के सहायक अभियंता वाईएस रावत ने बताया कि, यहां अभी भी चट्टान का एक बड़ा हिस्सा गिरने की स्थिति में है, ऐसे में मोटर मार्ग पर सफाई व निर्माण रोका गया है। कहा कि, पुश्ता निर्माण में एक माह का समय लग सकता है। सड़क बन्द होने से यहां दिल्ली, चंडीगढ़ आदि से गांव आये प्रवासी भी फंस गए हैं। लोनिवि प्रशासन की ओर से इस क्षेत्र में यातायात बहाल करने के लिए सजवाणकाण्डा मार्ग की मरम्मत शुरू की गयी है। यह मार्ग काफी ऊंचाई व दूरी का होने के बाबजूद भरपूर पट्टी के गांवो का आवागमन का फिलहाल एक मात्र साधन है। क्षेत्रीय जनता ने चट्टानों को हटाकर क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण समय रहते करने की मांग की है। इससे चलते ग्रामीण देवप्रयाग तक पहुंच पा रहे हैं। बीमार लोगों व छात्र–छात्राओ की इससे मुश्किल बढ़ गयी हैं।

देवपुरा से तुलसी चौक तक रहेगा जीरो जोन, अमावस्या को लेकर अलर्ट

हरिद्वार। रविवार को होने वाले अमावस्या स्नान और पितृ विसर्जन को देखते प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। देवपुरा से तुलसी चौक तक का क्षेत्र जीरो जोन घोषित किया गया है। इस दौरान वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्लानिंग लागू की गई है। नारायणी शिला पर रविवार से मेला शुरू हो जाएगा। दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आसपास के गंगा घाट पर विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस और होमगार्ड की तैनाती की है। घाट पर पिंडदान और तर्पण के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त जगह और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

चेक बाउंस में युवक को एक वर्ष की सश्रम कैद

हरिद्वार। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छवि बंसल की अदालत ने उधार ली गई धनराशि वापस नहीं लौटाने के मामले में युवक को एक वर्ष का कठोर कारावास और 13.40 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि में से 13.40 लाख रुपये शिकायत कर्ता को देने के आदेश दिए हैं। सिडकुल क्षेत्र के सलेमपुर महदूद निवासी कल्याण सिंह के अधिवक्ता धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता से जान पहचान के चलते सुनील कुमार पुत्र भजनलाल निवासी ग्राम रावली महदूद ने अपने कारोबार के लिए उधार में रकम मांगी थी। शिकायतकर्ता कल्याण सिंह ने फरवरी 2020 में तीन लाख रुपये दे दिए। इसके बाद विभिन्न तारीखों पर सुनील कुमार को कुल 13.30 रुपये उधार दिए थे। तय अवधि बीतने पर शिकायतकर्ता ने धनराशि वापस मांगी तो उसने बैंक का चेक भरकर कहा कि धनराशि का भुगतान हो जाएगा।

3105 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, 2 लाख का जुर्माना

काशीपुर। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के बावजूद धड़ल्ले से हो रहे अवैध कारोबार पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को राजस्व विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहल्ला थाना साबिक स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर 3105 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि गौरव माहेश्वरी पुत्र रमेश चंद्र अपने गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक का अवैध भंडारण कर रहा था। संयुक्त टीम ने पूरी खेप जब्त कर आरोपी पर 2 लाख रुपये का अर्थदंड ठोंका। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मलबे मे दफन थे मां की छाती से लिपटे दोनों बच्चे

मंजर देख रो पड़ी हर आँख

चमोली। चमोली के नंदानगर क्षेत्र में आई आपदा ने कई परिवारों को प्रभावित किया है। कुंतरी गांव में बुधवार देर रात आई आपदा में कुंवर सिंह, उनकी पत्नी कांता देवी (38) और दो जुड़वा बच्चे 10 वर्षीय विकास व विशाल मलबे में दब गए थे। घटना के लगभग 16 घंटे बाद राहत कार्यों में जुटी टीमों ने कुंवर सिंह को तो जीवित निकाल लिया, लेकिन उनकी पत्नी और बच्चों का पता नहीं चला था।

टीमों ने फिर से मलबा हटाना शुरू किया तो मकान के एक हिस्से में कांता देवी और उनके बच्चों के शव दबे हुए थे। तीनों एक–दूसरे से लिपटे हुए थे। विकास और विशाल कक्षा चार में पढ़ते थे। कुंवर सिंह मेहनत–मजदूरी करके अपने परिवार का पालन–पोषण करते थे और हाल ही में उन्होंने नया मकान बनवाया था, लेकिन आपदा ने उनकी खुशियों को छीन लिया।

श्रीनगर मेडिकल कालेज में भर्ती कुंवर सिंह ने स्थानीय लोगों से बातचीत में बताया कि सैलाब आने से पहले पत्नी और बच्चों को सुरक्षित घर से बाहर भेज दिया था। इसके बाद भी उनकी जान नहीं बच सकी। स्थानीय निवासी दीपक रतूड़ी ने बताया कि कुंवर सिंह की स्थिति को देखते हुए उन्हें अभी पत्नी और बच्चों की मौत के बारे में नहीं बताया गया है। वह बार–बार पूछते हैं कि उनके बच्चे और पत्नी कहां हैं। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि वह सुरक्षित आपदा राहत शिविर में हैं। पोस्टमार्टम के बाद तीनों का अंतिम संस्कार नंदप्रयाग के चक्रप्रयाग घाट पर नंदाकिनी नदी के किनारे किया गया। उनकी चिताओं को मुखाग्नि रिश्तेदारों ने दी।

जमीन मालिक सही है या ठग, ग्राहक खुद भी कर सकेंगे जांच

देहरादून। जमीनों की खरीदफरोख्त में फर्जीवाडों को रोकने में स्टंप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग न केवल जमीनों का सटीक ब्योरा मुहैया कराएगा। बल्कि संबंधित संपत्ति पर बकाया हाउस टैक्स, बिजली और पानी के बिलों की जानकारी भी देगा। स्टंप विभाग ने अपने ई रजिस्स्ट्री सिस्टम को शहरी विकास, यूपीसीएल और जल संस्थान के साथ भी जोड़ दिया है। स्टंप एवं निंबधन विभाग की वेबसाइट पर शहरी विकास विभाग के कॉलम संपत्ति की लोकेशन, मानचित्र का पूरा ब्योरा रहेगा। जबकि जल संस्थान और यूपीसीएल वाले हिस्से में पेयजल–बिजली कनेक्शन की स्थिति, लंबित बकाया का ब्योरा है। वित्त सचिव दिलीप जावलकर के अनुसार विभाग ने जमीनों की खरीद की खरीदफरोख्त प्रकिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए 'स्वभूमि' मोबाइल ऐप भी लांच किया है। इस ऐप के जरिए भूमि के वास्तविक मालिक, जमीन का आकार और स्थिति का पूरा ब्योरा जांचा जा सकता है। ऐप की मदद से भूमि संबंधी विषयों में पारदर्शिता आएगी। स्टंप विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया इस ऐप की मदद से संपत्ति का सटीक ब्योरा, मूल्यांकन और स्टंप रजिस्ट्रेशन की फीस की जानकारी भी मिलेगी।

पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाला पति गिरफ्तार, धारदार हथियार बरामद

मेरठ से लाया से अभियुक्त धारदार चापड़

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह ने बताया कि अभियुक्त लक्ष्मण सिंह से पूछताछ करने पर उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसकी पत्नी उसके कहने–सुनने में नही रहती तथा उसने उसके विरुद्ध न्यायालय में कई मुकदमे दायर किए हुए हैं। इन्ही मुकदमों की तारीखों एवं विवादों से परेशान होकर उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की योजना बनाई। अभियुक्त ने बताया कि वह मेरठ से ही एक धारदार चापड़ (पाठल) लेकर आया था और कोटद्वार स्थित पेंसिल फैक्ट्री के पास पत्नी को रोककर मौका देखकर उसकी गर्दन पर वार करने का प्रयास किया। लेकिन पीड़िता पीछे हट गई और घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके कारण अभियुक्त वहां से भाग निकला और चापड़ वही झाडियों में फेंक दिया।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार चापड़ (पाठल) बरामद कर लिया है। अभियुक्त ने पत्नी द्वारा दर्ज मुकदमों की न्यायालय में चल रही सुनवाई से नाराज होकर गत शुक्रवार को न्यायालय में तारीख पर जाने से रोकने के उद्देश्य से पत्नी पर धारदार चापड़ (पाठल) से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह ने बताया कि गत 19 मई 2025 को वादिनी स्थानीय निवासी द्वारा थाना कोटद्वार पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें वादिनी ने बताया कि उनका विवाह 03 वर्ष पहले लक्ष्मण सिंह पुत्र केशव सिंह निवासी ग्राम धामधार, रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल, जो वन विभाग में कार्यरत है, के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही लक्ष्मण सिंह दहेज की मांग करते हुए उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

वादिनी द्वारा दर्ज मुकदमों की न्यायालय में चल रही सुनवाई से नाराज होकर अभियुक्त लक्ष्मण सिंह ने गत शुक्रवार को न्यायालय में तारीख पर जाने से रोकने के उद्देश्य से उन पर धारदार चापड़ (पाठल) से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। जिस सम्बन्ध में थाना कोटद्वार पर आईपीसी की धारा 109, 115(2), 351(2), 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। एसएसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्रमोहन सिंह व क्षेत्राधिकारी कोटद्वार श्रीमती निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर के नेतृत्व में कोतवाली कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा इस गंभीर प्रकरण में तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त लक्ष्मण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार चापड़ (पाठल) बरामद कर लिया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शोएब अली, मुख्य आरक्षी सुनील मलिक, मुख्य आरक्षी दिनेश दिलवाल आदि शामिल थे।

अलकनंदा नदी के तटों पर भू-कटाव रोकने के लिए होगा सुरक्षा दीवार का निर्माण : धामी

मुख्यमंत्री ने धारी देवी मंदिर में की पूजा–अर्चना, प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद पौड़ी जिले स्थित धारी देवी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां धारी देवी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने अलकनंदा नदी के दोनों तटों पर भू-कटाव रोकने के लिए सुरक्षा दीवार निर्माण का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद स्थानीय लोगों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं से भी बातचीत की। उन्होंने लोगों का हालचाल जाना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत व बचाव कार्य तेजी से करवाये जा रहे हैं। धारी देवी मंदिर में दर्शन के बाद स्थानीय जनता और समिति पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। इस दौरान उन्होंने तीर्थयात्रियों से मुलाकात भी की। यात्रियों ने चार धाम यात्रा व्यवस्था पर सरकार की खुले दिल से प्रशंसा की। इंदौर से आये श्रद्धालु संतोष पाठक ने कहा कि प्रदेश में आपदा के बावजूद यात्रा व्यवस्था काफी अच्छी हैं। यात्री व्यवस्थाओं से खुश हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को हिन्दू हृदय सम्राट की संज्ञा देते हुए कहा कि वह बेहतर ढंग से प्रदेश की कमान संभाले हुए हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी आदि मौजूद रहे।

आपदा की विकट परिस्थिति भी नही रोक पाई प्रशासन के हौसले

देहरादून। सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य सहित जनपद देहरादून भीषण आपदा से गुजर रहा जहां कई इलाके सम्पर्क से कट हो गए हैं। जिले के कार्लीगाड, मजाड़, सहस्त्रधारा, मालदेवता, फुलेत, छमरोली, सिमयारा, सिल्ला, सिरोना, क्यारा गांव भीषण आपदा से जूझ रहे हैं। जिलाधिकारी ने कार्लीगाड, मजाड़ में रेस्क्यू आपरेशन तथा मालदेवता रोड वाशआउट रोड कार्य तथा मसूरी में आवागमन सुचारू करवाया गया तथा इस कार्यों में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिसकी डीएम स्वयं मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। जिला प्रशासन युद्धस्तर पर जनजीवन सामान्य बनाने में जुटा है। जिले का ऐसा ही क्षेत्र फुलेत, छमरोली, सिल्ला, क्यारा, सिमयारी सड़क वाशआउट होने से जनपद मुख्यालय के सम्पर्क से कट हो गए थे जहां हेली के माध्यम से रसद सामग्री भिजवाई जा रही थी। जिलाधिकारी ने हेली सेवा का विकल्प छोड़ विकट सड़क मीलों पैदल मार्ग को चुना तथा मालदेवता से सेरकी–सिल्ला, भैंसवाड़ गांव छमरोली के कुछ हिस्से तक विकट सड़क तथा उसके उपरान्त लगभग 12 किमी गांव–गांव पदैल चल घर से लेकर खेत–खलियान तक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा राहत बचाव कार्य क्षति का आंकलन एवं मुआवजा वितरण के लिए विशेष तहसीलदार,बीडीओ सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिको की अग्रिम आदेशों तक ड्यटी लगा दी है जो खर्चे का पूर्ण आंकलन तथा मुआवजा वितरण तक आपदाग्रस्त क्षेत्र में रहेंगे।

कोटद्वार की पांच फर्मों पर लगाया 2.25 करोड़ का टैक्स और जुर्माना

राज्य कर विभाग की टीम ने मारा छापा, जीएसटी और स्टॉक में मिली गड़बड़ी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राज्य कर विभाग हरिद्वार की विशेष अनुसंधान शाखा के अधिकारियों ने कर चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हरिद्वार संभाग के कोटद्वार क्षेत्र में आयरन और स्टील की मैनुफैक्चरिंग करने वाली पांच फर्मों पर छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से फर्म संचालकों में हड़कंप मच गया।

जांच में जीएसटी अपवंचन और स्टाक में गड़बड़ी पायी गई। जिस पर विभाग ने इन फर्मों से 2.27 करोड़ का टैक्स और जुर्माना वसूल किया। साथ ही फर्मों के अभिलेख भी जब्त कर जांच शुरू कर दी।

आयुक्त राज्य कर सोनिका के द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में यह कार्यवाही की गयी। विभाग को आयरन स्टील निर्माता फर्मों द्वारा अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाकर अपने रिटर्न में कैश भुगतान बेहद कम या शून्य दिखाने की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर आयुक्त ने अपर आयुक्त पी.एस. डुंगरियाल तथा संयुक्त आयुक्त आर.एल. वर्मा को कोटद्वार क्षेत्र की फर्मों की जांच के लिए टीमों के गठन के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त कार्तिकेय वर्मा की अगुवाई में सहायक आयुक्त अंजनी कुमार सिंह, विनोद आर्य, सुरेन्द्र सिंह राणा, अशोक कुमार, राज्य कर अधिकारी हरिकृष्ण खुगशाल, कुलदीप रावत, अर्शित गोंदवाल, नितिन कुमार, नितीश शंकर, प्रभात राणा, हुकम सिंह चौहान तथा नवनीत सिंह आदि अधिकारियों की टीम ने इन फर्मों पर छापा मारा। सर्वे के दौरान फैक्ट्री परिसर में कच्चा माल और फिनिश्ड गुड्स स्टाक का सत्यापन किया गया। रजिस्टरों में निर्मित और कच्चे माल के स्टाक और ली गई आइटीसी आंकड़ों में विसंगतियां पाई गई। इन फर्मों द्वारा टैक्स के 2 करोड 26 लाख रुपये मौके पर ही जमा करा दिए गये। जांच अधिकारियों ने जीएसटी से संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। जांचोपरान्त टैक्स और जुर्माना निर्धारित करते हुए नियमानुसार वसूली की जायेगी।

दही, पनीर, घी, मक्खन, आइसक्रीम...अमूल ने एक झटके में 700 आइटम के दाम घटाए

नई दिल्ली ,अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाली जीसीएमएमएफ ने शनिवार को घी, मक्खन, आइसक्रीम, बेकरी और फ्रोजन स्नैक्स सहित 700 से अधिक उत्पाद पैक की खुदरा कीमतों में कमी की है। कंपनी ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का फैसला किया है। नयी कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

क्या कहा गया जीसीएमएमएफ की ओर से?

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने एक बयान में 700 से अधिक उत्पाद पैक की कीमत घटाने की घोषणा की, जिससे उसके ग्राहकों को जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलेगा। यह संशोधन 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। जीसीएमएमएफ ने कहा, "यह संशोधन मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी उत्पादों, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट आधारित पेय जैसी उत्पाद श्रेणियों में किया गया है।" बयान के मुताबिक मक्खन (100 ग्राम) का अधिकतम खुदरा मूल्य 62 रुपये से घटाकर 58 रुपये कर दिया गया है। घी की कीमत 40 रुपये घटकर 610 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।'

फ्रोजन पनीर से चीज ब्लॉक तक सस्ता

इसी तरह अमूल प्रोसेस्ड चीज ब्लॉक (एक किलो) का अधिकतम खुदरा मूल्य 30 रुपये घटकर 545 रुपये प्रति किलो हो गया है। फ्रोजन पनीर (200 ग्राम) का नया अधिकतम खुदरा मूल्य 95 रुपये होगा, जो अभी 99 रुपये है। बयान के मुताबिक कीमतों में कमी से डेयरी उत्पादों, खासकर आइसक्रीम, पनीर और मक्खन की खपत बढ़ेगी, क्योंकि भारत में इनकी प्रति व्यक्ति खपत अभी भी बहुत कम है।

मदर डेयरी ने भी दी है राहत

इससे पहले, मदर डेयरी ने भी 22 सितंबर से अपने उत्पादों की कीमत घटाने की घोषणा की थी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी मदर डेयरी ने कहा कि पनीर (200 ग्राम) की कीमतें 95 रुपये से घटकर 92 रुपये, घी कार्टन पैक (एक लीटर) 675 रुपये से घटकर 645 रुपये और मक्खन 100 ग्राम 62 रुपये से घटकर 58 रुपये हो जाएगा। इसी तरह कसाटा आइसक्रीम, अचार, टमाटर प्यूरी और सफल फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज सहित कई अन्य उत्पादों की कीमतें भी कम हो जाएंगी।

दीवाली व दूसरे त्योहारों पर बंद करें गिफ्ट देना, वित्त मंत्रालय का सरकारी विभागों को निर्देश

नई दिल्ली , त्योहारों पर मिलने वाला छोटा–सा गिफ्ट, कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान लाता है और उत्साह दोगुना कर देता है। लेकिन अब केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल ने लोक उद्यम विभाग को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली सहित अन्य त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। आर्थिक सलाहकार ने लोक उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखे पत्र में कहा है, यह देखने में आया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली सहित दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रेक्टिस है। अर्थव्यवस्था में पब्लिक रिसोर्स का न्यायपूर्ण इस्तेमाल हो, इसके लिए ऐसी प्रेक्टिस पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसके चलते अब सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रेक्टिस को बंद कर दें।

उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद

उधमपुर , जम्मू–कश्मीर के उधमपुर जिले में सेना और पुलिस की संयुक्त टीम की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। ऊंचाई वाले दूरदराज के डूडू–बसंतगढ़ वन क्षेत्र में शुक्रवार को शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की। इसमें एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी रविवार तड़के अस्पताल में मौत हो गई।

संयुक्त अभियान के दौरान फायरिंग

अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार देर शाम उधमपुर के डूडू–बसंतगढ़ क्षेत्र और डोडा के भद्रवाह स्थित सेओज धार वन सीमा पर सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आतंकवादियों की ओर से की गई फायरिंग में जवान घायल हुआ। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

आतंकियों की तलाश तेज

घटना के बाद इलाके की कड़ी घेराबंदी कर तलाशी अभियान को फिर से शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वन क्षेत्र में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों के साथ अतिरिक्त बल उधमपुर और डोडा दोनों ओर से भेजे गए हैं। अंतिम रिपोर्ट आने तक व्यापक तलाशी अभियान जारी रहा।

मुस्लिम पुरुष पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

परिवार का खर्चा नहीं उठा सकते तो इतनी शादियां क्यों करते हो

कोच्चि ,केरल हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कोई मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी का भरण–पोषण करने में सक्षम नहीं है, तो उसे दूसरी या तीसरी शादी करने का अधिकार नहीं है। यह बात मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत भी लागू होती है। 39 वर्षीय महिला ने अपने 46 वर्षीय नेत्रहीन पति से 10 हजार रुपये मासिक गुजारा भत्ता मांगते हुए याचिका दायर की थी। महिला का आरोप था कि उसका पति भीख मांगकर गुजर–बसर करता है, पहली पत्नी के साथ रह रहा है और अब तीसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। इससे पहले पारिवारिक न्यायालय ने महिला की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि जो व्यक्ति खुद भीख मांगकर जीवनयापन कर रहा है, वह भरण–पोषण देने की स्थिति में नहीं है।

कोर्ट की सख्त टिप्पणी

हाईकोर्ट ने कहा जो पुरुष अपनी पहली पत्नी का भरण–पोषण नहीं कर सकता, उसे दूसरी या तीसरी शादी करने का हक नहीं है। उसकी लगातार शादियां मुस्लिम प्रथागत कानून के तहत भी स्वीकार्य नहीं हो सकतीं, क्योंकि वह पत्नियों का गुजारा करने में सक्षम नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि समाज में ऐसी शादियां शिक्षा और मुस्लिम प्रथागत कानून की जानकारी की कमी के कारण होती हैं।

सस्ता हुआ ट्रेन में मिलने वाला पानी 'रेल नीर, अब देने होंगे सिर्फ इतने रुपये

नई दिल्ली , ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में मिलने वाली रेल नीर पानी की बोतल सस्ती हो गई है। रेलवे ने इसकी कीमतों में कटौती की है, जिससे यात्रियों को सीधे फायदा होगा।

नई कीमतें 22 सितंबर से लागू

रेलवे के वाणिज्यिक विभाग ने आदेश जारी किया है कि 22 सितंबर से रेल नीर की बोतलें सस्ती मिलेंगी। 1 लीटर बोतल अब 15 रु की बजाय 14 रु में उपलब्ध होगी। आधा लीटर बोतल अब 10 रु की जगह 9 रु में मिलेगी। हालांकि, यह बदलाव केवल रेल नीर ब्रांड पर लागू होगा। अन्य कंपनियों की पानी की बोतलों की कीमतें जस की तस रहेंगी। रेलवे का कहना है कि इस फैसले से यात्रियों को कम कीमत पर साफ और सुरक्षित पीने का पानी मिलेगा। जो यात्री लंबी यात्रा के दौरान बार–बार पानी खरीदते हैं, उनके लिए यह राहत की खबर है। रेलवे का उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण पैकेज्ड पानी यात्रियों को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा सके।

उत्तराखंड में स्कूलों की टाइमिंग में हुआ बदलाव

अब आधा घंटा ज्यादा होगी पढ़ाई

देहरादून। प्रदेश के विद्यालयों के समय में आधा घंटे की बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को पठन–पाठन का अधिक समय मिल सके। अभी तक साल में 220 दिन विद्यालयों कक्षाएं संचालित की जाती थी, जिसे बढ़ाकर 240 दिन किया जा रहा है। यही नहीं, सर्दियों में विद्यालय का समय पांच घंटे बीस मिनट और गर्मियों में चार घंटे पचास मिनट निर्धारित था, जिसमें अब हर रोज तीस मिनट और जुड़ जाएंगे। इस नवीन समयसारिणी को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स ने कक्षा तीन से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए बनाया है।

नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को अधिक अध्ययन समय मिलेगा और शिक्षा का स्तर बेहतर होने की उम्मीद जताई गई है। परीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए 20 दिन निर्धारित टास्क फोर्स ने जिस पाठ्यचर्या को मंजूरी दी, उसके अनुसार परीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए 20 दिन रखे गए हैं। पहले परीक्षा और मूल्यांकन के लिए दिन निर्धारित नहीं थे। सह शैक्षणिक गतिविधियों और बस्ता रहित दिवसों के लिए भी पहली बार दस–दस दिन निर्धारित किए गए हैं ।

नई पाठ्यचर्या को पांच भागों में बांटा

पहले भाग में विद्यालयी शिक्षा के उद्देश्य, मूल्य, दक्षता और ज्ञान पर जोर है। दूसरे भाग में ऋस विषय, मूल्य आधारित शिक्षा, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, समावेशन और शैक्षणिक प्रौद्योगिकी शामिल हैं। तीसरे भाग में विषयवार मानक, विषयवस्तु, शिक्षा शास्त्र और मूल्यांकन दिशा–निर्देश हैं। चौथे भाग में विद्यालयी संस्कृति, अनुकूल वातावरण और सामाजिक मूल्यों पर ध्यान है। पांचवें भाग में शिक्षा तंत्र की क्षमताएं, सेवा शर्तें, भौतिक ढांचा और समुदाय–परिवार की भूमिका को जोड़ा गया है।

राज्य में विद्यालयों की संख्या

विद्यालय – संख्या
प्राथमिक – 13,756
उच्च प्राथमिक – 5,483
माध्यमिक स्तर– 3,930

नारियल पानी को अधिक पौष्टिक बनाना है? इसमें मिलाएं ये चीजें

नारियल पानी एक प्राकृतिक पेय है, जो शरीर को तरोताजा रखने के साथ–साथ कई पोषक तत्व भी प्रदान करता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें इस पेय के साथ मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बना सकती हैं? आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे, जो नारियल पानी के साथ मिलाकर सेवन करने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। जानिए नारियल पानी के साथ किन–किन चीजों का सेवन करना लाभदायक है।

नींबू का रस

नींबू का रस न केवल नारियल पानी का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसमें विटामिन–ष्ट की भरपूर मात्रा भी होती है। विटामिन–सी हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत बनाता है और हमें सर्दी–खांसी से बचाए रखता है। इसके अलावा नींबू में ऐसे तत्व होते हैं, जो हमारी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं। अगर आप नारियल पानी में नींबू का रस मिलाते हैं तो यह एक बेहतरीन पेय बन जाता है।

शहद

शहद एक प्राकृतिक मिठास है, जो नारियल पानी को और भी स्वादिष्ट बना देता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं, जो हमारी रोगों से लड़ने की क्षमता को बेहतर बनाते हैं और हमें बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। शहद में ऐसे तत्व भी होते हैं, जो हमारे शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं। इसके अलावा शहद का सेवन त्वचा की चमक बढ़ाने में मदद करता है और इसे स्वस्थ रखता है।

पुदीने की पत्तियां

पुदीने की पत्तियां न केवल ताजगी प्रदान करती हैं, बल्कि इनमें ऐसे तत्व होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। पुदीने की पत्तियां पाचन क्रिया को सुधारती हैं और पेट की समस्याओं से राहत दिलाती हैं। इसके अलावा पुदीने का सेवन शरीर की गर्मी को कम करता है और ठंडक प्रदान करता है। अगर आप नारियल पानी में पुदीने की पत्तियां मिलाते हैं तो यह एक बेहतरीन पेय बन जाता है।

काला नमक

काला नमक एक खास प्रकार का नमक है, जो शरीर के लिए जरूरी तत्वों से भरपूर होता है। यह हमारे शरीर की संतुलन को सुधारता है और पानी की कमी को पूरा करने में मदद करता है। काला नमक हमारे पाचन तंत्र को सुधारता है और पेट की समस्याओं को दूर करता है। इसके अलावा यह हमारी त्वचा को भी लाभ पहुंचाता है।

तुलसी के बीज

तुलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं, जो हमारी पाचन क्रिया को मजबूत बनाते हैं और लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराते हैं। इसके अलावा तुलसी के बीज ऐसे तत्वों से भी समृद्ध होते हैं, जो हमारी त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। नारियल पानी में तुलसी के बीज मिलाने से यह एक पौष्टिक पेय बन जाता है, जो आपकी सेहत को कई लाभ पहुंचाता है।

मेकअप ब्रश को साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके, आसान होगा काम

मेकअप ब्रश को साफ करना एक जरूरी काम है, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। गंदे ब्रश से त्वचा पर मुंहासे और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने मेकअप ब्रश को सही तरीके से साफ कर सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने ब्रश को लंबे समय तक उपयोग कर सकते हैं और आपकी त्वचा भी स्वस्थ रहेगी।

गर्म पानी और शैंपू का करें उपयोग

मेकअप ब्रश को साफ करने का सबसे आसान तरीका है गर्म पानी और शैंपू का उपयोग करना। इसके लिए एक कटोरे में गर्म पानी लें और उसमें थोड़ा सा शैंपू मिलाएं। अब अपने मेकअप ब्रश को इस मिश्रण में डालकर हल्के हाथों से घुमाएं। इससे सभी गंदगी आसानी से निकल जाएंगी। कुछ मिनट बाद ब्रश को निकालकर ठंडे पानी से धो लें और तौलिये से सुखाकर हवा में सूखने के लिए रख दें।

जैतून के तेल का इस्तेमाल करें

जैतून का तेल न केवल आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है बल्कि यह आपके मेकअप ब्रश को साफ करने में भी मदद करता है। इसके लिए एक कटोरे में थोड़ा–सा जैतून का तेल लें और उसमें गुनगुना पानी मिलाएं। अब अपने मेकअप ब्रश को इस मिश्रण में डालकर हल्के हाथों से घुमाएं। इससे सभी गंदगी आसानी से निकल जाएंगे। इसके बाद ब्रश को ठंडे पानी से धो लें और तौलिये से सुखाकर हवा में सूखने के लिए रखें।

बर्तन धोने वाले लिक्विड का करें उपयोग

अगर आपके पास मेकअप ब्रश क्लीनर नहीं है तो आप बर्तन धोने वाले लिक्विड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरे में थोड़ा–सा लिक्विड लें और उसमें गुनगुना पानी मिलाएं। अब अपने मेकअप ब्रश को इस मिश्रण में डालकर हल्के हाथों से घुमाएं। इससे सभी गंदगी और मेकअप के कण आसानी से निकल जाएंगे। इसके बाद ब्रश को ठंडे पानी से धो लें और तौलिये से सुखाकर हवा में सूखने के लिए रख दें।

हाइड्रोजन पेरोक्साइड का करें उपयोग

अगर आपके ब्रश पर बहुत ज्यादा गंदगी जमा हो गई है तो आप हाइड्रोजन पेरोक्साइड का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए एक कपड़े या रूमाल पर थोड़ी–सी हाइड्रोजन पेरोक्साइड लगाएं और उसे गंदे हिस्से पर रगड़ें।

मोदी का ट्रैम्पोलिन—क्या हम छलांग लगा पाएंगे?

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

पिछली शताब्दियों में मानवता ने जो चुनाव किए हैं, वे हमें संकट की कगार पर लेकर आए हैं। जिस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी, अपनी शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था, अपने युवाओं और अगली पीढ़ी के पालन–पोषण को संभाला है, उसने हमें हमें इस अस्थिर स्थिति तक पहुंचा दिया और दुनिया को संकट की दहलीज पर ला खड़ा किया है। आज अलग–अलग जगहों पर युद्ध, अस्थिर आर्थिक ढांचे, तेज़ी से बिगड़ती पारिस्थितिकी और बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, मानसिक स्वास्थ्य महामारी और नशे की लत जैसी समस्याएं, ये सब इसके प्रमाण हैं।

इसका मतलब विनाश और निराशा की तस्वीर पेश करना नहीं है। बदलाव की स्थिति, दरअसल संभावनाओं की स्थिति होती है। आज जो फैसले हम करेंगे, वे हमें या तो बड़े परिवर्तन की ओर ले जा सकते हैं या फिर पतन की ओर धकेल सकते हैं। 8.5 अरब की आबादी के साथ हम एक भारी–भरकम मानव जाति हैं, लेकिन अभी तक उस चेतना के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, जहां हम एकजुट होकर सामूहिक निर्णय ले सकें।

हम सरकारों, क़ानूनों और नेतृत्व पर भरोसा करते हैं कि वे पूरी दुनिया को दिशा दें। ऐसे समय में यह बहुत अहम है कि हम अपने लिए किस तरह का नेतृत्व चुनते हैं। अगर हम पृथ्वी का एक टिकाऊ और सुंदर भविष्य चाहते हैं, तो हमें वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को सही मायने में अपनाना होगा। यह उपयुक्त है कि भारत, जिसने हमेशा सबको जोड़कर रखने की भावना को महत्व दिया है, ने नरेंद्र मोदी जैसे नेता को चुना है, जो इन मूल्यों को गहराई से मानते हैं। कई मायनों में भारत ने ऐसा नेतृत्व सामने रखा है जो उसकी आत्मा, उसकी संस्कृति और संस्कारों से मेल खाता है। यह बहुत ज़रूरी है। सिर्फ इसलिए नहीं कि समावेशिता सही रास्ता लगती है, बल्कि इसलिए कि आने वाले समय में समावेशिता ही एकमात्र रास्ता है।

हम सरकारों, क़ानूनों और नेतृत्व पर भरोसा करते हैं कि वे पूरी दुनिया को दिशा दें। ऐसे समय में यह बहुत अहम है कि हम अपने लिए किस तरह का नेतृत्व चुनते हैं। अगर हम पृथ्वी का एक टिकाऊ और सुंदर भविष्य चाहते हैं, तो हमें वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को सही मायने में अपनाना होगा। यह उपयुक्त है कि भारत, जिसने हमेशा सबको जोड़कर रखने की भावना को महत्व दिया है, ने नरेंद्र मोदी जैसे नेता को चुना है, जो इन मूल्यों को गहराई से मानते हैं। कई मायनों में भारत ने ऐसा नेतृत्व सामने रखा है जो उसकी आत्मा, उसकी संस्कृति और संस्कारों से मेल खाता है। यह बहुत ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार–बार दुनिया के सामने एक अधिक समावेशी और सहयोगी मानवता का रास्ता दिखाया है। अफ्रीकन यूनियन को त्र20 में शामिल कराने की पहल हो, ग्लोबल साउथ के नेतृत्व की भूमिका, वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड जैसी विशाल नवीकरणीय ऊर्जा योजना, पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की नीति, संकट के समय सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश बनना, या फिर महामारी के दौरान 96 देशों को मानवीय सहायता देना, इन सबमें भारत ने यह साबित किया है कि असली मायने काम में होते हैं, और हम छोटे–छोटे निजी लाभ की अपेक्षा मानवता को अधिक महत्व देते हैं।

समावेशिता का यह गुण नरेंद्र भाई की नेतृत्व शैली में भी स्पष्ट दिखाई देता है। मन की बात पहल शासन की विशाल व्यवस्था में भले ही एक छोटा हिस्सा लगे, लेकिन इसका संदेश गहरा है। आम नागरिक से सीधा संवाद करके वे उनकी कहानियों, संघर्षों और योगदान को पहचानते और सम्मानित करते हैं। यही जुड़ाव उन्हें ज़मीन से जोड़े रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनकी नीतियां जनता की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

मैं योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की गहराई से सराहना करता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा करवा कर उन्होंने योग के प्रति दुनिया में अद्भुत रुचि जगाई है और यह बताया है कि योग मनुष्य के जीवन में कितनी भलाई ला सकता है। आज के समय में यह और भी जरूरी है, क्योंकि योग की विधियां मानसिक और शारीरिक चुनौतियों से निपटने का सबसे असरदार उपाय हैं। हर इंसान के लिए यह आवश्यक है कि वह रोज़ कम से कम कुछ मिनट योग या ध्यान को अपनाए, ताकि अपने भीतर स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बना सके।

भारत का सभ्यता–राज्य आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां से वह अपनी असली क्षमता को पहचानकर एक गौरवशाली भविष्य की ओर बढ़ सकता है। अब तक हमने अपनी आर्थिक प्रगति में अभूतपूर्व कार्य और प्रगति देखी है, बुनियादी ढाँचे, अंतरिक्ष, रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में तेजी देखी है। साथ ही, हम आत्मनिर्भरता, भू–राजनीतिक लचीलेपन और शक्ति की दिशा में अपनी नीतियों के कुशल संचालन के भी साक्षी रहे हैं।

हालांकि, एक राष्ट्र के रूप में हमें अभी भी बहुत कुछ करना है। आने वाली पीढ़ी का सही मार्गदर्शन और पोषण हमारे विकास की कुंजी है। हम नहीं चाहते कि भारत की बढ़ती युवा आबादी इस सुनहरे अवसर को खो दे। अब समय आ गया है कि हम समाजवाद के अधूरे आदर्शों की आखिरी बेड़ियां तोड़ दें, जिन्होंने पिछले दशकों को जकड़ रखा था, और भारत के नागरिकों को अपने भविष्य के निर्माता बनने के लिए आमंत्रित करें। बुनियादी ढांचे से लेकर एआई तक, व्यापार से लेकर रक्षा तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, हमें जनता को इसे सुपरसोनिक गति से आगे बढ़ाने का काम सौंपना होगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान शासन द्वारा यह विश्वास वास्तव में प्रदर्शित किया जा रहा है, लेकिन असली परीक्षा लोगों द्वारा इस विश्वास को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करने और अपनी क्षमता साबित करने की है।

भारत में न केवल अपने सच्चे गौरव के युग में प्रवेश करने की क्षमता है, बल्कि मानवता को उस युग में ले जाने की भी क्षमता है। हमारे पास एक योग्य, साहसी और निस्वार्थ व्यक्ति है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि राष्ट्र केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वहां रहने वाले लोग ही उसका असली रूप होते हैं। यह भारत के नागरिकों पर निर्भर है कि वे सुशासन और अवसर के मंच का उपयोग करके अपने इच्छित स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें।

विधानमंडल का अंग राज्यपाल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपालों को राज्य सरकारों के लिए सच्चे मार्गदर्शक और दार्शनिक के रूप में कार्य करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में पांच न्यायाधीशों वाली राष्ट्रपति संदर्भ पीठ द्वारा केरल सरकार से सहमति व्यक्त की गई कि दोनों संवैधानिक प्राधिकारियों के बीच कार्य संबंध सहयोगात्मक होने चाहिए। केरल ने अदालत को बताया कि राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत आठ विधेयक सात से तेईस महानों तक लंबित रहे। दस दिन तक दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला बहरहाल सुरक्षित रख लिया।केंद्र की तरफ से जवाब में कहा गया कि अनुच्छेद 200 के प्रावधान एक के तहत लौटाए गए विधेयक के साथ राज्यपाल का संदेश पुनर्विचार के दायरे को तय करेगा जिस पर मूल विधेयक संख्या अंकित होगी। आरोप है कि वे बगैर संदेश के इसे अंतहीन तौर पर रोके रहते हैं। बेशक, राज्यपाल को संवैधानिकता की जांच करने का अधिकार है, मगर अधिनियम बन जाने के बाद भी यह न्यायिक समीक्षा के लिए खुला होगा। राज्यपाल अक्सर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करते हैं।इन आरोपों–प्रत्यारोपों पर लगाम कसना टेढ़ी खीर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुमरू द्वारा अनुच्छेद 143 के तहत अदालत से मांगी गई राय के बाद यह बहस तेज हो गई। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए। यदि लोकतंत्र का एक पक्ष कर्त्तव्य निर्वहन करने में विफल रहता है तो संविधान का संरक्षक न्यायालय शक्तिहीन होकर निष्क्रिय नहीं रह सकता।

कहना गलत नहीं कि राज्यपाल के काम पर शीर्ष अदालत का परमादेश जारी करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। मगर विपक्षी दलों की सरकारों की असहमतियों की सुनवाई की अनदेखी भी न्यायोचित नहीं है। राज्यपाल विधानमंडल का अंग है, जिनकी सहमति विधायी प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून बनाने में राज्यपालों की सहमति महत्त्वपूर्ण चरण है पर सैद्धांतिक सहमति की आवश्यकता भी कम महत्त्व नहीं रखती।उन परिस्थितियों को लेकर व्यवस्था देनी जरूरी है, जहां स्थिति खतरनाक हो रही हो या मध्य मार्ग स्पष्ट होता न दिख रहा हो। राज्यपालों की भूमिका रोजमर्रा के प्रावधानों में महत्त्व नहीं रखती। उन्हें नियंत्रण के साथ संतुलन बनाने के प्रति निष्पक्ष, चैतन्य और सतर्क दिखना चाहिए।

भारत और मॉरीशस संजीदगी से बढ़ेंगे

भारत और मॉरीशस ने फैसला किया है कि अब दोनों देश स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की दिशा में संजीदगी से बढ़ेंगे। वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस महज पार्टनर नहीं, बल्कि परिवार हैं। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूप कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब दोनों देशों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने का मन बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता के पक्ष में रहा है, और मुक्त, खुला, सुरक्षित, स्थिर तथा समृद्ध हिन्द महासागर हमारी साझी प्राथमिकता में रहा है। मॉरीशस, भारत की पड़ोसी प्रथम और विजन महासागर का एक अहम स्तंभ है। इस हिन्द महासागरीय देश के साथ सात करार हुए हैं। करीब छह हजार करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा की गई है ताकि मॉरीशस अपने बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर कर सके। माना जा रहा है कि पैकेज से मॉरीशस में रोजगार की स्थिति बेहतर होगी। भारत की इच्छा है कि मॉरीशस इतना समृद्ध हो ताकि हिन्द महासागर में अपनी समुद्री स्थिति को खासी मजबूत कर सके। भारत और मॉरीशस के बीच उनके नागरिकों के बीच सहोदर भाव से खास मजबूती मिलती है। भारतीय संस्कृति का यह देश विस्तार सरीखा दिखलाई पड़ता है। वहां की आबादी का बड़ा हिस्सा उन लोगों का है, जिनके पूर्वज उन्नीसवीं शताब्दी में बिहार और उत्तर प्रदेश से 'गिरमिटियाइ श्रमिक के रूप में इस पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचे थे। वहां उन्हें कृषि खासकर ईख की खेती में लगाया गया। मॉरीशस की प्रगति में भारतीय मूल के इन लोगों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। बाद के कालखंड में इनके वंशज मॉरीशस में नीति–नियंता की भूमिका में उभरे। देश की बागडोर उन्होंने संभाली।

भारत में हिंदी अब संपर्क की सबसे अधिक बोलने वाली भाषा

अजय दीक्षित

मेरे एक मित्र है जो तेलंगाना में तिरुचिरापल्ली में रहते है और प्रवर्तन निदेशालय में उच्च पद पर कार्यरत हैं लेकिन वे तेलगु भाषी हैं।वे अक्सर दिल्ली में अधिकारियों से बात करते रहते हैं।20 वर्षों पहले उनकी हिंदी बहुत ही कमजोर या तो समझो कि न के बराबर थी लेकिन आजकल वे बहुत ही खूबसूरत हिंदी बोलते समझते हैं।अभी मुंबई में तीसरी भाषा महाराष्ट्र में पढ़ाने को लेकर विवाद हुआ।

शिवसेना के नेता राज ठाकरे ने मराठी मानुष की बात की । लेकिन अब वह समय आ गया है कि हिंदी अपने आप जरूरत के मुताबिक अपना स्थान बना रही है।यहां तक कि अखबारों की रीडरशिप में तो अंग्रेजी को भी मात कर रही है। जेएनयू में हिंदी पत्रकारिता विभाग प्रवक्ता राम बिहारी पाठक का कहना है कि अब भारत की संपर्क भाषा हिंदी है ।अगर आप तेलगु ,तमिल, मलयालम,कन्नड़, मराठी में बोलेंगे तो कोई नहीं समझेगा लेकिन अगर आप टूटी फूटी हिंदी,या अंग्रेजी में संपर्क करें तो लोग समझ सकते हैं कि आप का कहना क्या है। हिंदी को आगे बढ़ाने में टेलीविजन, राजनीति का बहुत बड़ा सहयोग है। कन्नड़ भाषी मल्लिकार्जुन खड़गे,तमिल भाषी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शशि थरूर, गुलाम नबी आजाद, असद्दीन ओवैसी,आदि भी सदन में और मंत्रालय में हिंदी बोलते हैं।

शिवसेना के नेता राज ठाकरे ने मराठी मानुष की बात की । लेकिन अब वह समय आ गया है कि हिंदी अपने आप जरूरत के मुताबिक अपना स्थान बना रही है।यहां तक कि अखबारों की रीडरशिप में तो अंग्रेजी को भी मात कर रही है।

हिंदी को राजभाषा का दर्जा है लेकिन राष्ट्रभाषा दर्जा नहीं है

हिंदी आजादी से पहले भारत की आधिकारिक भाषा नहीं थी बल्कि आजादी के बाद हिंदी को संविधान की 15 वीं अनुसूची में शामिल किया गया था।उसमें भारत की 11 प्रमुख भाषाएं दर्ज है जिसमें मलयालम, कन्नड़,तमिल,तेलगु, मराठी, बंगाली, असमी, अंग्रेजी, गुजराती, उर्दू और पंजाबी भाषा दर्ज हैं,बाद में कुछ क्षेत्रीय भाषाओं को स्थान मिला है। समय समय पर हिंदी को संविधान की राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयास हुए मगर तमिलनाडु से इसका विरोध शुरू हुआ।1966 में तो तमिल नेता पेरियार ने भाषाई आधार पर राज्य बनाने की मांग की उसी के चलते तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात,पंजाब, हरियाणा,आदि राज्यों का गठन हुआ। लेकिन हिंदी भाषा को राष्ट्र भाषा स्वीकार नहीं किया। आजादी के बाद हिंदी सिनेमा ने हिंदी को लोकप्रिय बनाया। महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, अटल बिहारी वाजपेई, सूर्य कांत त्रिपाठी निराला, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन,आदि कवियों के सहयोग हिंदी के लिए याद किया जाएगा। लेकिन स्व जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री के तौर पर हिंदी को राजकाज में उपयोग करना भी हिंदी के लिए सार्थक रहा । तमिल नाडु के राजनेता दिल्ली आ कर हिंदी सीखते हैं। सोमनाथ चटर्जी,इंद्रजीत गुप्ता भी हिंदी बोलते समझते थे। दक्षिण भारत के नेता के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व नरसिंह राव अच्छी हिंदी बोलते थे।यहां तक कि सोनिया गांधी, सुब्रमण्यम स्वामी, रमेश चीनीथेला,ने भी हिंदी को स्वीकार किया।

अब बात करते हैं नई पीढ़ी की तो वह तो हिंदी बोलती या अंग्रेजी, कॉर्पोरेट में हिंदी का प्रचलन है। महानगरों में केवल चेन्नई को छोड़कर,दिल्ली, मुंबई, कोलकाता,जयपुर, अहमदाबाद, बंगलुरू,पुणे, हैदराबाद, नासिक, भुवनेश्वर,पूरी, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब, असम नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक,में हिंदी ही संपर्क भाषा है।

बाहुबली लुक में वरुण ने अनन्या को किया प्रपोज

याद है जब जाह्नवी कपूर ने वरुण धवन के साथ पहली बार बवाल में काम किया था? हालांकि फिल्म को मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन वरुण और जाह्नवी के अभिनय को खूब सराहा गया और फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजाजू कर रहे थे. और अब, इंतजार खत्म होने वाला है. क्योंकि दोनों एक बार फिर सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आने वाले हैं. मेकर्स ने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का ट्रेलर रिलीज किया है. धर्मा प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का ट्रेलर जारी किया है और कैप्शन में डिस्क्लेमर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, डिस्क्लेमरः इस फेस्टिव सीजन में, बदला और अराजकता ही एकमात्र एक्सट्रा चीज होगी. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी ट्रेलर जारी. इस दशहरे, 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं. ट्रेलर की

शुरुआत से बाहुबली के टाइटल सॉन्ग और सेट होती है, जहां, सनी का किरदार निभा रहे वरुण बाहुबली के गेटअप में एंट्री मारते हैं और बताते है कि उनकी गर्लफ्रेंड अनन्या (सान्या मल्होत्रा) की फेवरेट मूवी बाहुबली है, इसलिए वह बाहुबली स्टाइल वह उसे शादी के लिए प्रपोज करेंगे. अनन्या, सनी का प्रपोजल रिजेक्ट कर देती है. इसके बाद वरुण धवन अपने किरदार का परिचय देते हैं और कहते हैं कि उनकी एक्स–गर्लफ्रेंड अनन्या की शादी विक्रम से हो रही है. यहां विक्रम (रोहित सराफ) तुलसी (जाह्नवी कपूर) का एक्स–बॉयफ्रेंड होता है. ट्रेलर में पता चलाता है कि जाह्नवी कपूर फिल्म में एक टीचर का किरदार निभा रही है. उनका बॉयफ्रेंड विक्रम उनसे शादी न करके अनन्या से शादी कर रहा है.

ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी ने दी बड़ी सजा

नईदिल्ली,20 सितंबर। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. ऑस्ट्रेलियाई टीम पर यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जी.एस. लक्ष्मी ने लगाया. उन्होंने पाया कि, मेहमान टीम ने निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके हैं. मैदानी अंपायर वृंदा राठी और जननी नारायणन, थर्ड अंपायर लॉरेन एजेनबैग और फोर्थ अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम पर यह आरोप लगाया. आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार जो न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है. इस बयान में आगे कहा गया, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया. इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नही पड़ी है.

एशिया कप 2025 : अर्शदीप सिंह ने पाकिस्तानी गेंदबाज को पछाड़ा

—संजू सैमसन ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

नईदिल्ली,भारत ने एशिया कप 2025 के आखिरी ग्रुप मैच में ओमान को 21 रनों से हरा दिया. अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में भारतीय टीम ने शानदार जीत के साथ ग्रुप स्टेज में अपने अभियान का अंत किया. संजू सैमसन ने जहां अर्धशतकीय पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच बने वहीं तेज गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह ने एक विकेट लेकर टी20 आई में अपने टिकटों की सेंचुरी पूरी की.

अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया. इसके साथ वो 100 टी20 आई विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए. 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में पदार्पण करने के बाद से, अर्शदीप तेजी से विकेट ले रहे हैं, लेकिन उन्हें उनता मौका नहीं मिल पा

रहा है जितना मिलना चाहिए. इसके बावजूद अर्शदीप कभी निराश नहीं हुए बल्कि जब भी उन्हें देश के लिए खेलने का मौका मिला तो उन्होंने खेल में जान की बाजी लगा दी.

26 वर्षीय अर्शदीप को एशिया कप के पहले दो मैचों में मौका नहीं मिला था, लेकिन उन्हें ओमान के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच खेलने का मौका मिला, बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मैच में 4 ओवर में 37 रन देकर 1 विकेट लेने में कामयाब रहे. अर्शदीप अब 64 मैचों में 100 विकेट लेने वाले चौथे सबसे तेज गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने पाकिस्तान के गेंदबाज हारिस रऊफ को पीछे छोड़ा है, जो 71 मैचों में अपना 100 विकेट पूरा किए थे.

जबकि अर्शदीप पूर्ण सदस्य देशों में, राशिद खान (53 मैच) और वानिंदु हसरंगा (63 मैच) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे तेज गेंदबाज हैं. इसके बाद पाकिस्तान के हारिस रऊफ (71) और आयरलैंड के मार्क अडायर (72) हैं.

संजू सैमसन ने ओमान के खिलाफ 56 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता. सैमसन ने 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका सबसे धीमा अर्धशतक था.

सिनेमाघरों में के बाद अनुष्का शेट्टी की घाटी ओटीटी पर देगी दस्तक

कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी ने अपने आशाजनक संयोजन के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर कथित तौर पर खराब प्रदर्शन किया है। विक्रम प्रभु अभिनीत यह एक्शन ड्रामा दर्शकों के बीच पर्याप्त उत्साह पैदा करने में विफल रही और 5 सितंबर, 2025 को रिलीज़ होने पर इसे मिश्रित समीक्षाएं मिलीं। मधरसी और लिटिल हार्ट्स जैसी अन्य फिल्मों के साथ फिल्म की समवर्ती रिलीज़ ने इसके फीके प्रदर्शन में योगदान दिया हो सकता है।

यह फिल्म पूर्वी घाट में शोषण और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एक हाशिए पर पड़े समुदाय की लड़ाई की कहानी पर आधारित है, जिसमें अनुष्का शेट्टी एक रोमांचक एक्शन–ऋइम भूमिका में हैं। हालाँकि फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा, लेकिन इसके डिजिटल अधिकारों के सौदे ने काफी रुचि पैदा की है।

अमेज़न प्राइम वीडियो ने रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल कर लिए हैं, जो अनुष्का शेट्टी की अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल अधिकारों की बिक्री है।

घाटी का प्रीमियर अमेज़न प्राइम वीडियो पर 2 अक्टूबर, 2025 को होगा, जो सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लगभग एक महीने बाद होगा। जॉन विजय, रवींद्र विजय, जिशु सेनगुप्ता और जगपति बाबू जैसे कलाकारों ने फिल्म की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है।

नंदमुरी बालकृष्ण की अखंड 2 की रिलीज डेट स्थगित

साउथ अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए यह खबर निराशाजनक है क्योंकि उनके पसंदीदा स्टार की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म अखंड 2 की रिलीज डेट को अभी के लिए टाल दिया गया है। नंदमुरी बालकृष्ण ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया जो कि फिल्म के निर्माताओं ने लिखा है। उन्होंने इस नोट में लिखा, नंदमुरी बालकृष्ण की अखंड 2 को और बेहतर बनाने के लिए री–रिकॉर्डिंग, वीएफएक्स और पोस्ट–प्रोडक्शन के लिए और समय चाहते हैं। नई रिलीज तारीख बाद में बताई जाएगी। यह खबर बालकृष्ण के प्रशंसकों के लिए निराशाजनक है, जो इस एक्शन फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एशिया कप 2025 में भारत की लगातार तीसरी जीत, ओमान को हराकर ग्रुप में रहा टॉप

नईदिल्ली, एशिया कप 2025 के आखिरी ग्रुप मैच में ओमान ने मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ अबू धाबी में शानदार खेल का प्रदर्शन किया. वो 21 रनों से मैच जरूर हारे, लेकिन उन्होंने आगे बढ़कर विश्व क्रिकेट की इस दिग्गज टीम के खिलाफ कड़ी टक्कर दी.

189 रनों के लक्ष्य का पाछा करते हुए ओमान के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 56 रनों की साझेदारी की. जतिंदर सिंह ने 32 और आमिल कलीम ने 64 रनों की पारी खेली. इसके बाद आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की, लेकिन ओमान 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी, जिसकी वजह से भारत ने 21 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया. ओमान की तरफ

से हम्माद मिर्जा नें 33 गेंद में 52 और आमिर ने 46 गेंदों में 64 रन की शानद

संक्षिप्त समाचार

नव निर्वाचित 104 जनप्रतिनिधियों का विधायक ने किया सम्मान

रुद्रप्रयाग। सरकार के निर्देशों पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी के सहयोग से रुद्रप्रयाग विधानसभा के 104 नव निर्वाचित जनप्रतिनियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लॉक के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों को रुद्राक्ष की माला, स्मृति चिह्न और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यालय स्थित गुलाबराय आयोजित कार्यक्रम में विधायक भरत सिंह चौधरी ने सभी नव निर्वाचित प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों को बधाई दी। कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी परिचय के साथ ही एक दूसरे को समझते हुए जनपद के विकास को आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, उपाध्यक्ष रितु नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, पूर्व अध्यक्ष महावीर पंवार, कनिष्ठ प्रमुख सविता भंडारी, जिपंस गंभीर बिष्ट के हाथों 104 ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों को सम्मानित किया गया। उक्त जनप्रतिनिधियों को रुद्राक्ष की माला, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें अपने क्षेत्र के विकास में निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया गया ताकि गांव और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य गंभीर सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, उपाध्यक्ष रितु नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, पूर्व क्षेपंस भूपेंद्र भंडारी आदि ने विचार रखे।

वन विभाग की टीम ने ड्रोन उड़ाकर की गुलदार की लोकेशन ट्रेस

रुद्रप्रयाग। बसुकेदार क्षेत्र के डालसिंगी में गुलदार द्वारा महिला पर हमले की घटना के बाद बीती रात से ही वन विभाग की टीम ने गांव में गश्त शुरू कर दी। जबकि शनिवार को विभाग ने गांव के आसपास ड्रोन उड़ाकर गुलदार की लोकेशन ट्रेस की। हालांकि कुछ भी नहीं दिखाई दिया। वहीं विभाग ने क्षेत्र में कैमरा ट्रैप भी लगा दिए हैं। जबकि ग्रामीणों को बैठक कर जागरूक किया गया। शनिवार को वन विभाग की गुप्तकाशी रेंज के रेंजर एचएस रावत की मौजूदगी में वन विभाग की आठ सदस्यीय टीम गांव पहुंची। टीम ने गांव में ग्रामीणों को गुलदार से बचने के उपाय बताए। इसके साथ ही आसपास कैमरा ट्रैप लगाए ताकि गुलदार की गतिविधि का पता चल सके। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आठ वन कर्मियों की टीम गश्त पर लगाई गई है जिसमें वन दरोगा, वन वीट अधिकारी, वॉचर आदि शामिल है। रेंजर एचएस रावत ने बताया कि गुलदार से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए विभाग लगातार गश्त कर रहा है। ड्रोन से भी पूरे क्षेत्र में रेकी की गई है किंतु गुलदार की चहलकदमी नजर नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जब तक जरूरत पड़ेगी विभागीय गश्त जारी रहेगी। वहीं शनिवार को गुलदार के हमले में घायल डालसिंगी गांव निवासी 60 वर्षीय बिंदेश्वरी देवी पत्नी सोबत सिंह को शनिवार को सीएचसी अगस्त्यमुनि से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग रैफर किया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह, विजय सिंह, हरिभजन, मोहन सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीण लगातार पिंजरा लगाने की मांग कर रहे हैं किंतु वन विभाग इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। पूर्व में भी यहां गुलदार के हमले की घटनाएं हुई है। लोग दहशत में है। उन्होंने शीघ्र महिला को उचित मुआजवा देने के साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पिजरा लगाने की मांग की है।

रुद्रप्रयाग में महिलाओं ने दुकान से नहीं बिकने दी शराब

रुद्रप्रयाग। जिला मुख्यालय स्थित पेट्रोल पंप के निकट शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर महिलाओं ने दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन किया और शराब की दुकान से शराब नहीं बिकने दी। दुकान के बाहर महिलाएं दिन भर पहरा देती रहीं। इधर, यूकेडी ने भी महिलाओं के आंदोलन को समर्थन दिया है।

शनिवार को वार्ड 2 अपर बाजार की महिलाएं सुबह ही शराब की दुकान के बाहर जमा हो गई। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दुकान से शराब बेचने का प्रयास किया गया तो वे इसका कड़ा विरोध करेंगी, चाहे इसका अंजाम कुछ भी हो। बीते दिन से रुद्रप्रयाग नगर में शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर महिलाओं का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। शुक्रवार को महिलाओं ने रात 8 बजे तक दुकान के बाहर धरना दिया और किसी तरह शराब बिकने नहीं दी। जबकि शनिवार को महिलाएं सुबह ही दुकान के बाहर पहुंच गई।

ब्लॉक स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में करण, संध्या ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विकासखंड जयहरीखाल के राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में प्राथमिक/जूनियर विद्यालयों की शरद कालीन/शीतकालीन खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

50 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में कृतिका संकुल असनखेत ने प्रथम स्थान, आरुषि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में प्रियांशु, आरब, 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में खुशी, कृतिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालक वर्ग में करण, आदर्श ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गोला फेंक में संध्या, आरुषि ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शनिवार को शरदकालीन/शीतकालीन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रणवीर सजवाण ने दीप प्रज्वलित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने मुख्य अतिथि का बैज अलंकरण व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों को स्वस्थ रखने और मानसिकरूप से मजबूत बनाती है। इस अवसर पर आयोजित 50 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय कांडई से जतिन प्रथम, आदित्य कांडाखाल द्वितीय, प्रियांशु असनखेत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में दिव्यांशु प्रथम, प्रियांशु द्वितीय, 200 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, कृतिका द्वितीय, प्राथमिक बालक वर्ग लम्बी कूद में आरव प्रथम, आर्यन द्वितीय, लम्बी कूद बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, संजना द्वितीय, जूनियर बालिका वर्ग लंबी कूद रितिका प्रथम, संध्या द्वितीय द्वितीय स्थान पर रही। लम्बी कूद जूनियर वर्ग में आदर्श, प्रतीक, गोला फेंक बालक वर्ग में कारण, आदर्श, 200 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में ध्रुव, अनुराग, 400 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में सुनाक्षी, रितिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख सुरेन्द्र सिंह नेगी, राज्य आन्दोलनकारी महिपाल सिंह रावत, रोहन नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य शशि बिष्ट, ग्राम प्रधान जयहरी प्रगति रावत, बाल विकास अधिकारी महबूब खान, पूर्व ग्राम प्रधान सूर्यदेव शाह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला पौड़ी के जनपदीय कोषाध्यक्ष विपुल भंडारी, प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जयहरीखाल के ब्लॉक अध्यक्ष शंकर प्रसाद ध्यानी, ब्लॉक मंत्री चंद्रमोहन सिंह रावत, कोषाध्यक्ष ताजबर टम्टा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष दीवान सिंह रावत ने किया।

एसजीआरआर स्कूल में विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शनिवार को देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा स्वच्छता शपथ दिलवायी गई। प्रधानाचार्य डी.पी जोशी ने छात्र-छात्राओं को अपने घर के आसपास एवं विद्यालय को स्वच्छ बनाये रखने एवं गंदगी से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डी.पी जोशी ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस दौरान उन्होंने छात्रों से अपने घरों में सफाई करने सहित आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील करते हुए कहा कि सफाई रखने से बीमारी के कीड़े नहीं पनपते और हम ताजा महसूस करते हैं। इसलिए हमें अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। संवाद कार्यक्रम में छात्र महफूज अहमद, सिद्धार्थ और अंशिका ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

किशोरियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई बहुत आवश्यक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से समाज सेवा एवं शिक्षा समिति द्वारा आशा कार्यकत्रियों को विज्ञान संचारक के रूप में विकसित करने हेतु आयोजत कार्यशाला संपन्न हो गई है।

मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशल किशोर धस्माना ने कहा कि 85 प्रतिशत सांप जहरीले नहीं होते है। सर्पदंश में खतरा नहीं उठाना चाहिए तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य वंदना भारद्वाज ने कहा कि किशोरियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई बहुत आवश्यक है। समाजसेवी दलजीत सिंह ने रक्तदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए।

60 वर्ष की उम्र तक रक्तदान किया जा सकता है। इस अवसर पर आशा कार्यकत्री सुमित्रा भट्ट, जशोदा देवी, कुसुम देवी, सुनीता रावत, राखी रावत को सम्मानित किया गया।

कार्यशाला का संचालन संस्था संरक्षक पीएन गोस्वीमी ने किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष करन डोगरा, रजनीश रावत, पवन कुमार, कुमारी स्वाति, मानसी आदि मौजूद थे।

दादा-दादी बच्चों के लिए नैतिक मूल्यों और परंपराओं के प्रथम शिक्षक

नवयुग पब्लिक स्कूल में किया ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नवयुग पब्लिक स्कूल मोटाढाक कोटद्वार में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में प्रस्तुतियां दीं।

इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपने जीवन के अनुभव साझा किए और बच्चों को मेहनत, ईमानदारी तथा अनुशासन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दी प्रज्जवलित कर की। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद नन्हे बच्चों ने कविताएं, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग कर दिया। सबसे आकर्षण का केंद्र रहा भावनात्मक नाटक दादा-दादी एक अनमोल धरोहर, जिसमें बच्चों ने दिखाया कि कैसे दादा-दादी का स्नेह, अनुभव और संस्कार जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। नन्हे कलाकारों की अदायगी ने सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें नम कर दीं और वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि दादा-दादी बच्चों के लिए नैतिक मूल्यों और परंपराओं के प्रथम शिक्षक होते हैं। उनका सान्निध्य बच्चों को सही दिशा देता है और जीवन में धैर्य, अनुशासन एवं संस्कारों की नींव रखता है। विद्यालय की प्रशासक अर्पिता नेगी ने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पीढ़ियों के बीच संवाद और आपसी स्नेह को और मजबूत बनाते हैं।

विद्यालय के संस्थापक हुकुम सिंह नेगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बुजुर्गों का अनुभव और आशीर्वाद को नई पीढ़ी के लिए संस्कारों की प्रयोगशाला बताया।

3.09 किलो गांजा के साथ नशा तस्कर बाबा गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल में अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। धुमाकोट पुलिस ने 03 किलो 90 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक बाबा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने नशे की तस्करी में प्रयुक्त दुपहिया वाहन को भी सीज कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद में नशा, मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अवैध तरीके से नशीले पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार चेकिंग अभियान चलाकर सख्त वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन तुषार बोरा के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष धुमाकोट सुनील पंवार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गत शुक्रवार को गौलीखाल बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति सीताराम उर्फ नागेश्वर गिरी दुपहिया वाहन को चैकिंग हेतु रोका गया तो संदिग्धता प्रतीत होने पर तलाशी ली गयी तो उक्त व्यक्ति के पास से 03 किलो 90 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष धुमाकोट सुनील पंवार ने बताया कि अभियुक्त सीताराम उर्फ नागेश्वर गिरी रामकिशन निवासी ग्राम बढ़पुरा मझरा, पोस्ट मानपुर, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया व वाहन को सीज किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया कि वह इस गांजे को मुरादाबाद ले जा रहा था जिसे वह छोटी-छोटी मात्रा में उसे ऊंचे दामों पर बेचने वाला था। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक हेमराज सिंह पंवार, आरक्षी संजीव कुमार, शुभम आदि शामिल थे।

सीताराम पोखरियाल जिला अध्यक्ष तो दीपक गोडियाल बनें सचिव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष व जिला सचिव को छोड़कर सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन किया गया।

पौड़ी में आयोजित एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर सीताराम पोखरियाल को 51 व दिगंबर सिंह रावत को मात्र 14 मत मिले। सचिव पद पर दीपक गोडियाल को 42 व मंगल सिंह नेगी को 22 मत मिले। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सौरभ नौटियाल, उपाध्यक्ष पद पर कमल धस्माना, कोषाध्यक्ष पद पर अंकित कठैत, संगठन मंत्री पद पर संजय सिंह, भावना नेगी, संयुक्त मंत्री पद पर प्राची बडोनी, कामनी रावत, संदीप भटट, विकास रावत को निर्विरोध चुना गया। इस दौरान कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया। वहीं, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने डीएम पौड़ी स्वाति एस भदौरिया से मुलाकात कर उन्हें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं बताई। उन्होंने डीएम से गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को जल्द ठीक करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, संघ भवन के लिए जगह उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न मांगे रखी।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं चार अक्टूबर से

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शिक्षा विभाग की माध्यमिक जिला स्तरीय शरदकालीन खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। पहले ये प्रतियोगिताएं जिले में 22 सितंबर से आयोजित होनी थी, लेकिन अब 4 अक्तूबर से होगी। मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी नागेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि इस बीच जिले में बारिश के कारण कई जगहों पर सड़के टूट गई थी। खासकर पाबौ और थलीसैण में आपदा से प्रभावित हो गए थे। इसके साथ ही इसी दौरान शिक्षकों की हड़ताल भी चल रही थी ऐसे में पाबौ व यमकेश्वर आदि ब्लाकों में खेल कूद प्रतियोगिताएं पूरी नही हो पाई। इस वजह से जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियगिताओं के आयोजन में बदलाव किया गया है।

छात्रसंघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में छात्रसंघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। शनिवार को छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शनिवार को महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय प्रशासन एवं थाना प्रभारी के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी निर्वाचन छात्रसंघ डॉ. विकास प्रताप सिंह ने निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से बताई। बताया कि महाविद्यालय में निर्वाचन की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी जायेगी। बैठक में चुनाव में पुलिस बल तथा प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा की गई है। बैठक में संभावित छात्रसंघ प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया, योग्यता, नामांकन प्रपत्र, निर्वाचन संहिता तथा इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया गया। उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने प्रत्याशियों को मतदाताओं को डोर-टू-डोर जागरूक करने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा। प्राचार्य ने महविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाये रखने की बात कही। बैठक में कांस्टेबल दिलदार सिंह, पीआरडी जवान मनुराम, वीर सिंह, होमगार्ड एचजी भरत, महाविद्यालय छात्रसंघ निर्वाचन समिति के सदस्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. छाया सिंह, डॉ. विवेक रावत, सुरेन्द्र सिंह नेगी, सुशांत धस्माना आदि मौजूद थे।

ग्रामीणों ने गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नैनीडांडा ब्लाक की गुजडू पट्टी के कई गांवों में इन दिनों गुलदार की दहशत बनी हुई है। गुलदार और बाघ दिन में ही आबादी क्षेत्र में आ जा रहा है। जिससे लोग दहशत में है। बीती शुक्रवार की रात को जमणधार गांव में गुलदार ने गाय को निवाला बना दिया। ग्रामीणों से वन विभाग से गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।

दीवा रेंज धुमाकोट के तहत गुजडू पट्टी के जमणधार क्षेत्र में पिछले लंबे समय से बाघ और गुलदार की दहशत बनी हुई है। आए दिन गांव में आबादी क्षेत्र में गुलदार के आने से लोगों में दहशत है। गुलदार और बाघ ने कई पालतू पशुओं को निवाला बना दिया है। शुक्रवार की रात जमणधार गांव में ही गोशाला के पास ही गाय को भी गुलदार ने मार दिया। ग्रामीण जगतराम देवरानी ने बताया कि गांव के बीच में अब गुलदार पशुओं को मार रहा है। शाम होते ही बाघ की गुर्राहट से लोग दहशत में आ जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने कई बार खेतों में दिन में ही गुलदार को देख लिया है। ग्राम प्रधान गीता नेगी, ग्रामीण जगतराम देवरानी, जसवंत सुंद्रियाल, विनोद नेगी, आशाराम खनशली, मनोहर जुयाल, मंथा देवी, गुड्डी देवी ने गुलदार और बाघ की दहशत से निजात दिलाने की मांग वन विभाग से की है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी सुभाष घिल्डियाल ने बताया कि गांव में टीम भेजी जा रही है। ग्रामीणों से अपील की कि गांव व आसपास की झाड़ियों को साफ करे और अकेले जंगलों की तरफ न जाए।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया स्वच्छता का संदेश

कंडोलिया मैदान से कलेक्ट्रेट तक निकली स्वच्छता रैली

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को जनपद मुख्यालय पौड़ी में कंडोलिया मैदान से रामलीला मैदान तक स्वच्छता रैली का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। प्रातः 10 बजे कंडोलिया मैदान में स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन शैली बननी चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देना है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाकर समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान रैली कंडोलिया मैदान से प्रारंभ होकर बस स्टेशन, कलेक्ट्रेट होते हुए रामलीला मैदान तक पहुंची। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर 'स्वच्छता ही सेवा' और 'स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर (रि.) करन सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, पीडी स्वजल दीपक रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयबीर रावत, अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल, भारत स्काउट गाइड पौड़ी के सचिन केसर सिंह असवाल, खेल समन्वयक योगंबर नेगी सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे खाता खतौनी संख्या-00014 के खेत संख्या 34/1 व 34/2 मध्ये एक भूखंड 0.009 हेक्टेअर भूमि के मूल विक्रय विलेख जो पूर्व स्वामी नईम अहमद पुत्र इमामुद्दीन निवासी कनकपुरकंला, नजीबाबाद बिजनौर से क्रय की गई थी जिसके मूल बयनामे अब्दुल खालीक पुत्र स्व0 वशीर अहमद निवासी पनियाली तल्ली, कोटद्वार अब्दुल खालीक पुत्र स्व0 वशीर अहमद निवासी पनियाली तल्ली, कोटद्वार बही संख्या-1, जिल्द संख्या-155, पृष्ठ संख्या-346, एडी बही संख्या-1, जिल्द संख्या-199, पृष्ठ संख्या-475-482, दस्तावेज संख्या-2455 दिनांक 06.11.2008 एवं नईम अहमद पुत्र इमामुद्दीन निवासी कनकपुरकंला, नजीबाबाद बिजनौर बही संख्या-1, जिल्द संख्या-397, पृष्ठ संख्या-152, एडी बही संख्या-1, जिल्द संख्या-593, पृष्ठ संख्या-59-66, दस्तावेज संख्या-741 दिनांक 10.03.2015 सब रजिस्ट्रारर कार्यालय कोटद्वार में विधिवत पंजीकृत है। दोनों मूल बयनामे वास्तव में कहीं खो गए हैं जिसके संबंध में संपत्ति के वर्तमान स्वामी नसीम अहमद पुत्र अनीस अहमद द्वारा पुलिस थाना कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल में उपरोक्त मूल विक्रयपत्र की गुमशुदगी सूचना दिनांक 05.09.2025 को जीडी संख्या-55 में दर्ज करा दी गई है।

(1244/21)

सार्वजनिक नोटिस

विषयः प्लॉट संख्या 1608, 1609 और 1611, खाता संख्या 127, 0.0280 हेक्टेयर भूमि के संबंध में सूचना, ग्राम–पौड़ी, पट्टी-नांदलस्यूं, तहसील- पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड।

हम श्री महेश ढौंडियाल एवं श्री रमेश ढौंडियाल पुत्र श्री गोवर्धन प्रसाद लैमिनेटेड पंजीकृत वसीयत के अनुसार उपरोक्त संपत्ति रखते हैं और लैमिनेटेड मूल टाइटल डीड यानी पंजीकृत वसीयत दिनांक 04.08.1994 के आधार पर बंधक या अन्यथा प्रभार बनाने का इरादा रखते हैं, जो उप-पंजीयक, पौड़ी गढ़वाल के कार्यालय में बुक संख्या 3, खंड संख्या 22, पृष्ठ संख्या 13 से 14 क्रम संख्या 15 के अनुसार पंजीकृत है। संपत्ति विवरणः प्लॉट संख्या 1608, 1609 और 1611, खाता संख्या 127 में से 0.0280 हेक्टेयर भूमि, ग्राम-पौड़ी, पट्टी-नांदलस्यूं, तहसील-पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड। श्री महेश ढौंडियाल एवं श्री रमेश ढौंडियाल पुत्र श्री गोवर्धन प्रसाद भारतीय स्टेट बैंक, शाखा पौड़ी, शाखा कोड 00697 से ऋण/क्रेडिट सुविधा प्राप्त करने के लिए बन्धक बनाना चाहते हैं। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अधिकार, शीर्षक, हित या मांग रखने वाले किसी भी पक्ष को प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर दस्तावेजी प्रमाण के साथ लिखित रूप में इसकी जानकारी देनी होगी।

Sh. Mahesh Dhaundiyal and Sh. Ramesh Dhaundiyal
सम्पर्क पता
भारतीय स्टेट बैंक
मुख्य शाखा पौड़ी

(1245/21)

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

निविदा विस्तारीकरण सूचना

इस खण्ड के द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या – 01/2025–26 एवं 02/2025–26 जोकि दिनांक– 20/09/2025 को खोली जानी है। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदाओं की खुलने की तिथि दिनांक– 26/09/2025 को अपराह्न 13:00 बजे तक विस्तारित की जाती है एवं उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अद्योहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अपराह्न 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य नियम एवं शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता,
पत्रांक : 556/वि0वि0ख0(नै0)/उपाकालि0/टी–6 दिनांक : 20.09.2025 वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

संक्षिप्त समाचार

महर गांव में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में खौफ

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के हिंदाव क्षेत्र के महर गांव मल्ला में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है। गांव के पास ही दिन दहाड़े गुलदार ने दो महिलाओं पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन शोर मचाने के बाद गुलदार जंगल की ओर भाग निकला। गुलदार के डर से लोग दिन में भी बाहर निकलने में भी कतरा रहे है। घनसाली के महर गांव में बीते साल गुलदार ने गांव में तीन बच्चो को अपना शिकार बनाया था। जिसके बाद वन विभाग ने गांव में लगातार गस्त लगाने के साथ ही पिंजरा लगाया तथा शूटर तैनात करने के बाद गुलदार को मार गिराया था। लेकिन गांव में अब फिर से गुलदार की धमक से ग्रामीण भयभीत है। बीते शुक्रवार को ग्रामीण महिला शांति देवी व सुनीता देवी गांव के पास ही घास लेने गई थी, जहां अचानक गुलदार उनके ऊपर हमला करने की कोशिश की, लेकिन महिलाओं के शोर मचाने के बाद वह जंगल की ओर भाग गया। जिपंस विक्रम घनाता ने बताया कि, लगातार गांव के आसपास गुलदार की मौजूदगी से महिलाओं व बच्चो का आना–जाना मुश्किल होन रहा है।उन्होंने डीएफओ टिहरी को पत्र भेजकर गांव में पिंजरा लगाने व गश्ती दल तैनात करने की मांग की है।

हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान

नई टिहरी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूमानंद रक्षक ब्लड सेंटर हरिद्वार के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई भी दाम नहीं हो सकता है। रक्तदान कर व्यक्ति दूसरे की जान बचा सकते हैं। शनिवार को पीजी कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का नगरपालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी और वीरा फाउंडेशन के संस्थापक विनोद डोभाल ने शुभारंभ किया। कहा कि रक्तदान समाज सेवा और जीवन बचान को सबसे बड़ा माध्यम है। प्रो.डीपीएस भंडारी, नोडल अधिकारी व एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. पीसी पैन्यूली,कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशा डोभाल, डॉ.वीपी सेमवाल, रेडक्रॉस समिति के डॉ. विजयराज उनियाल ने बताया कि कॉलेज के छात्र–छात्राओं सहित पूर्व छात्र–छात्राओं,व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों के लोगों ने इसमें प्रतिभाग किया। 70 यूनिट ब्लड एकत्रित कर भूमानंद रक्षक ब्लड सेंटर और हॉस्पिटल हरिद्वार ने संग्रह किया।

स्वास्थ्य सचिव से मिले विधायक शाह

नई टिहरी। घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए कदम उठाने को कहा। कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की कमी के कारण आमजन को भारी परेशानियों का उठानी पड़ रही है। उनके पत्र पर सचिव ने सीएचसी बेलेश्वर के जनरल सर्जन डॉ. शिव प्रकाश का स्थानांतरण संशोधित करते हुए यथावत कर दिया है। विधायक शाह ने स्वास्थ्य सचिव को पीएचसी पिलखी और सीएचसी बेलेश्वर की दशा सुधारने को सकारात्मक कदम उठाने को कहा है। बताया कि दोनों अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। जिस कारण गंभीर रोगियों को श्रीनगर और देहरादून रेफर किया जाता है।

उन्होंने दोनों अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तत्काल तैनाती की मांग की। साथ अस्पतालों में में आवश्यक संसाधन, आधुनिक उपकरण और जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। सीएचसी बेलेश्वर में अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए भी कहा है।

भ्रामक सूचना पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी

नई टिहरी। सीएमओ डा श्याम विजय ने सोशल मीडीया पर टिहरी जिले के अस्पतालों में एक्सायरी दवाओं के वितरण की सूचनाओं को पूरी तरह से भ्रामक बताया है। उन्होंने कि इस तरह की सूचनाओं को प्रचारित करने वाले लोगों व संस्थाओं पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सीएमओ ने बताया कि जनपद के अस्पतालों में केवल गुणवत्ता परक औषधियां ही सरकार निर्धारित मानकों के अनुसार जनसामान्य को उपलब्ध कराई जा रही हैं। सोशल मीडीया प्लेटफार्म पर इस प्रकार की सूचनाओं से विभाग की छवि धूमिल करने का काम किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का कार्य उत्साह भी प्रभावित हो रहा है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु घट्टूगाड़ में स्वयं सहायता समूह आउटलेट शुरू

सीडीओ ने किया आजीविका उत्पादों के आउटलेट का लोकार्पण, उत्पादों की बिक्री पहुंची 50 हजार पार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखण्ड यमकेश्वर के ग्राम पंचायत मराल, घट्टूगाड़ में स्वयं सहायता समूहों के आउटलेट का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवन्त द्वारा किया गया। सीडीओ ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इन समूहों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि उनके उत्पाद व्यापक स्तर पर बाजार में उपलब्ध हो सकें और अधिक से अधिक महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकें। कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगे।

इस मौके पर उपस्थित दुर्गा भवानी स्वयं सहायता समूह, जय मां भुवनेश्वरी स्वयं सहायता समूह तथा विकास स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। समूह की महिलाओं ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया है। इन समूहों की महिलाएं फिनाइल निर्माण, हैंडवॉश, टॉयलेट क्लीनर, ग्लास क्लीनर, फ्लोर फ्रेशनर, हर्बल एवं ब्यूटी सोप (नीम, एलोवेरा, हल्दी), ग्लिसरीन आदि उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों को ग्रामीण एवं शहरी बाजारों में बिक्री हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक समूहों की महिला सदस्याएं लगभग 50,000 तक की बिक्री कर चुकी हैं। वर्तमान में समूह की सक्रिय सदस्यों के रूप में रोशनी देवी, रजनी देवी, सीता देवी व रेखा देवी निरंतर उत्पादन एवं विपणन कार्य में लगी हैं। इनका कहना है कि इस पहल से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है बल्कि आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी मिला है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। जब महिलाएं संगठित होकर स्वरोजगार की दिशा में कार्य करती हैं तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज व परिवार की आर्थिक रीढ़ बनती हैं। इस प्रकार के उत्पाद आज की आवश्यकता हैं, क्योंकि ये स्थानीय स्तर पर निर्मित, किफायती और गुणवत्तापूर्ण हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

छात्रसंघ अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एबीवीपी का निर्विरोध बनना तय

नई टिहरी। एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल में छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का इस बार भी कब्जा होना तय है। यहां अध्यक्ष पद पर स्वतंत्र उम्मीदवार अमन कुमार पांडेय ने नाम वापस ले लिया है। इसके बाद अभाविप के आशीष राणा का निर्विरोध बनना तय है। एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के छात्रसंघ चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.केसी पेटवाल ने बताया कि विभिन्न पदों पर अब कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छात्रसंघ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर एक–एक नामांकन होने से उनका निर्विरोध बनना तय है। उपाध्यक्ष पद पर विद्यार्थी परिषद के आलोक कुमार एक मात्र नामांकन हुआ था। शनिवार को सुबह 10 से अपराह्न 1 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। अब महासचिव पद पर अभाविप के अनुज नेगी और अमन सुयाल, सह सचिव पद पर शीतल नेगी व अभाविप के मांगीलाल मेघवाल, कोषाध्यक्ष पद पर आयुष नेगी, आदित्य नौटियाल, छात्रा प्रतिनिधि कार्यकारिणी पद पर भावना, नैंसी, सदस्य कार्यकारिणी सामान्य पद पर विशाल कुमार यादव, विवि प्रतिनिधि पद पर सुधांशु डोभाल और अनामिका पंवार चुनाव मैदान में है। बताया कि 27 सितंबर को परिसर में चुनाव और उसी दिन परिणाम और विजेता प्रत्याशियों को शपथ दिलाई जाएगी।

केवि के स्थापना दिवस पर छात्र–छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां

नई टिहरी। टिहरी बांध प्रभावित प्रतापनगर ब्लॉक के केंद्रीय विद्यालय सौड़खांड का 21 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी।

कार्यक्रम में शिक्षण और शिक्षणेत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। शनिवार को पीएम श्री केवि सौड़खांड के स्थापना दिवस का भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक व चार्टर्ड एकाउंटेंट राजेश्वर प्रसाद पैन्यूली ने शुभारंभ किया। कहा कि आज इस स्कूल से कई प्रतिभावान छात्र विभिन्न उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। यह शिक्षा का हब बना हुआ है। उन्होंने स्कूल के दान देने वाले सौड़ और कुड़ी गांव के ग्रामीणों का भी आभार जताते इन गांव के प्रधान और अन्य प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। आश्वासन दिया कि सरकार के स्तर पर विद्यालय में बाल वाटिका प्रारंभ करने का प्रयास करेंगे। विशिष्ट अतिथि दिनेश व्यास,राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार,जीआईसी गलियाखेत के प्रधानाचार्य दिवाकर पैन्यूली,सौड़ के प्रधान नीलकंठ व्यास ने कहा कि केवि शुरू होने के बाद यहां की शिक्षा पद्धति में कई बदलाव आए हैं। प्राचार्य वेदप्रकाश शर्मा ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट और बोर्ड परीक्षा के अब तक परिणामों से रूबरू कराया। इस मौके पर बीडीसी सदस्य पूजा व्यास,कुड़ी के प्रधान सुरेंद्र रावत,संजय पंत,राघवेंद्र दीक्षित,पूर्व प्रधान माता प्रसाद भट्ट,चंद्रशेखर पैन्यूली, त्रिलोक रावत, गणेश रतूडी, महेश व्यास, उमाशंकर व्यास, गुलाब रावत, जगत प्रसाद व्यास, सुधीर व्यास, हुकुम रावत, बिहारी लाल व्यास, अमित व्यास, दौलतराम, शूरवीर सिंह,महेश पैन्यूली, बलवीर सिंह, आनंद सिंह,दौलतराम, शूरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

मसूरी देहरादून मार्ग खुला लेकिन दुश्वारियां कम नहीं हुई

देहरादून। भले ही मसूरी देहरादून मार्ग हल्के वाहनों के लिए खुल गया हो लेकिन अभी भी मार्ग पर दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही। प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से रोड खुलवा दिया लेकिन रोड पर पड़े मलबे के कारण जगह–जगह पर दलदल बन गया है। वाहनों के चलने से उसमें फिसलन बढ़ गई है जिससे वहां पर वाहन फंस रहे हैं। अगर बारिश हुई तो रोड और अधिक फिसलन बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। मसूरी देहरादून मार्ग पर सबसे अधिक खतरे की स्थिति गलोगी धार से पहले है, जहां पर रोड का बड़ा हिस्सा धंस गया है।

उक्त स्थान पर रोड में बड़ी दरारें भरने के लिए मलबे को डाला जा रहा है। रोड संकरी होने से एक बार में एक तरफ से ही वाहन जा रहे हैं। हालांकि दलदल होने के कारण कई वाहन बीच में फंस रहे हैं ' शिव मंदिर के पास भी मसूरी की ओर सड़क पर मलबा जमा होने के कारण यहां पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। वाहनों के चैंबर सड़क पर लग रहे हैं, जिससे वहान चालकों का भी नुकसान हो रहा है। पुलिस का कोई भी जवान तैनात नहीं है जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है । स्थानीय निवासी प्रदीप भंडारी ने बताया कि वह मसूरी से देहरादून जा रहे थे, उक्त स्थान पर सड़क पर मलबा आ रखा है, जिस पर वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही यहां पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे लोग काफी देर तक वहां पर फंस रहे हैं। आरोप लगाया कि एक भी पुलिस का जवान तैनात नहीं है।

सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए दस का चयन

देहरादून। उत्तराखंड में सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 10 अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इनमें देहरादून के सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह भी शामिल हैं। अपर परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय कर्मियों के साथ ही अन्यों के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार–2024 को लेकर जिलों से प्रस्ताव मांगे थे। समिति की संस्तुति के आधार पर 10 कर्मचारियों का चयन इसके लिए किया गया है। इसमें अल्मोड़ा के धारा नौला चौकी इंचार्ज आनंद बल्लभ कश्मीरा, एसएसपी कार्यालय अल्मोड़ा के कांस्टेबल विनोद सिंह कुंवर, आपदा प्रबंधन विभाग अल्मोड़ा के मास्टर ट्रेनर आलोक वर्मा, प्राथमिक विद्यालय खारासोत टिहरी गढ़वाल के सहायक अध्यापक राजेंद्र सिंह रुक्मिणी, सिटी मजिस्ट्रेट देहरादून प्रत्यूष सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून से जुड़े समाज सेवी उमेश्वर सिंह रावत, एसएल होंडा देहरादून की मैनेजर मोनिका, और एम्स ऋषिकेश के डॉ.मधुर उनियाल शामिल हैं।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का अपना अलग महत्व है: रीना जोशी

देहरादून। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने सभी आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने इस अभियान को मानव सेवा का बेहतर अवसर बताया। प्राधिकरण में आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पताल प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का अपना अलग महत्व है। प्रत्येक अस्पताल को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वास्थ्य पखवाड़े में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कहा कि कार्यक्रम का मानवीय पक्ष देखते सभी अस्पताल अपने शिविरों की तिथि व स्थान तय कर लें। और कार्यक्रम संपंन होने पर उसकी कंटेट व फोटो डिटेल पोर्टल पर अपलोड कर दें ताकि सनद रहे। कहा कि शिविर से पूर्व तिथि व स्थान का प्रचार भी करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। बेहतरी के लिए शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लें।

बैठक में कुछ अस्पतालों ने अपने परिसर में ही कैंप आयोजन की बात कही तो इस पर सीईओ ने कहा कि यदि कोई अस्पताल इंडोर शिविर का आयोजन करता है तो इस बात का खास जाएगा कि उस दिवस सारी व्यवस्थाएं फ्री करनी होंगी। उन्होंने आउटडोर कैंप को बेहतर बताया। सीईओ ने दूर दराज में कैंप लगाने को प्राथमिकता देने की बात कही। अस्पताल प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य पखवाड़े के तहत लगने वाले शिविर की प्राथमिकताओं, तौर तरीकों व समन्वय के बारे में समझाया गया।

इस मौके पर एसएचए के निदेशक वित्त अभिषेक कुमार, निदेशक प्रशासन डा डीपी जोशी, निदेशक क्लेम डा सरोज नैथानी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा दिनेश चंद्र समेत इंद्रेश, कैलाश उमेगा, बूलूनी अस्पताल, पनेसिया हॉस्पिटल, जोशी हास्पिटल, सुनंदा, कृष्णा मेडिकल, विभूति, सुरभि के प्रतिनिधि व प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम बने निक्षय मित्र, टीबी मरीज को गोद लेकर संभाला पोषण का जिम्मा

– टीबी मरीज को प्रदान की पोषण किट, उपचार से ठीक होने तक करेंगे देखभाल

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने निक्षय मित्र बनकर टीबी से ग्रसित देहरादून टर्नर रोड निवासी महिला को गोद लिया और उसके इलाज और पोषण की पूरी जिम्मेदारी ली।

इसके तहत जिलाधिकारी ने शनिवार को महिला को पोषण किट प्रदान की। टीबी उन्मूलन के लिए उपचार से ठीक होने तक आगामी 06 माह तक महिला को मुफ्त इलाज और पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। टीबी का इलाज संभव है। यदि सही समय पर उपचार और दवाओं का सेवन किया जाए और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए तो क्षय रोगी स्वस्थ हो जाते है। जिलाधिकारी ने कहा कि निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार की ओर से टीबी मरीजों को पोषण हेतु 01 हजार प्रतिमाह की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

एसएसएससी की परीक्षा ड्यूटी नहीं करेंगे शिक्षक

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ ने आज अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा ड्यूटी का विरोध किया है। इसे देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्राइमरी और अशासकीय स्कूलों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षक संघ ने अगले हफ्ते होने वाली टीईटी परीक्षा ड्यूटी करने से इंकार किया है। राज्य लोक सेवा आयोग से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही शिक्षकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। पढ़ाई के अलावा शिक्षकों ने अन्य कार्यों से खुद को अलग कर दिया है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने बताया कि शिक्षक आज होने वाली ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल भर्ती परीक्षा में ड्यूटी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के संचालन भी शिक्षक अपनी भूमिका नहीं निभाएंगे।

सेवानिवृत्त अधिकारी से 23 लाख रुपये की साइबर ठगी

देहरादून। केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी से निवेश के नाम पर साइबर ठगों ने 23 लाख रुपये ठग लिए। कभी सोने में तो कभी क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर उनसे रकम ली गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रायपुर थानाध्यक्ष गिरीश नेगी के अनुसार, योगेंद्र निवासी सहस्त्रधारा ने तहरीर दी कि उन्होंने फरवरी में ऑनलाइन निवेश को लेकर ऑनलाइन सर्च किया था। यहां उन्हें एक इंग्लैंड की कंपनी की जानकारी मिली। जो विभिन्न माध्यम से निवेश करवाती थी। उनकी अनुराग मिश्रा नाम के व्यक्ति से बात हुई। उसने शुरुआत में 21 हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। धनराशि सात फरवरी को माधुरी देवी के अकाउंट में जमा की गई। इसके बाद उन्हें राहुल महाजन और कृष्णा पटेल नाम की महिला ने निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने 11 लाख रुपये बताए गए अकाउंट नंबरों में ट्रांसफर कर दिए। कंपनी के खाते में उनका प्रॉफिट 95 हजार डॉलर दर्शाया जा रहा था। उन्हें बताया गया था कि जितने रुपये वो निवेश करेंगे कंपनी भी उनके नाम पर उतनी ही धनराशि निवेश करेगी। यानी उनका निवेश दो गुना होगा। इसके बाद उनसे 12 लाख रुपये क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करवाए गए। योगेंद्र ने जमा रकम निकालने के लिए कहा तो उन्हें वरकले बैंक इंग्लैंड के कागज भेजे गए। बताया गया कि रुपये उनके खाते में तभी ट्रांसफर होंगे, जब 16 लाख रुपये फीस जमा होगी। शक होने पर योगेंद्र ने बैंक की मुंबई स्थित की शाखा से संपर्क किया। शाखा के कर्मचारियों ने संबंधित दस्तावेजों को फर्जी बताया।

खरसाली यमुना मंदिर प्रांगण में व्यापारियों का धरना

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्रियों के छोटे वाहनों को पाली गाड़ से आगे जानकीचट्टी तक नहीं जाने दिए जाने को लेकर स्थानीय लोगों एवं यमुनोत्री यात्रा से जुड़े व्यवसायियों ने खरसाली यमुना मंदिर प्रांगण में धरना दिया। पूर्व में लोगों ने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था और यात्रियों के छोटे वाहनों को भी जानकीचट्टी तक छोड़ने की मांग की, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलने पर उक्त लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मानसून सीजन के बाद बीते मंगलवार को शुरू हुई यमुनोत्री धाम की यात्रा के अंतर्गत पाली गाड़ से आगे जानकीचट्टी तक यात्रियों को जाने के लिए शटल सेवा लगाकर लोकल छोटे वाहनों से भेजा जा रहा है, लेकिन स्थानीय एवं यात्रा व्यवसाय से जुड़े लोग पाली गाड़ से आगे छोटे यात्री वाहनों को भी जानकीचट्टी तक जाने देने की मांग कर रहे हैं। इन दिनों यमुनोत्री धाम की यात्रा शुरू होने के बाद यात्रियों के आने का सिलसिला भी तेज हो गया है। बंद सड़क मार्ग के खुलने के बाद पाली गाड़ से आगे यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बड़े वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा है और यहां से पुलिस, प्रशासन द्वारा शटल सेवा लगाकर यात्रियों को यमुनोत्री धाम की यात्रा पर भेजा जा रहा है। लेकिन स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि पाली गाड़ से आगे जब छोटे वाहन जा रहे हैं तो, यात्रियों के छोटे वाहनों को भी जाने दिया जाय। उसको लेकर जिलाधिकारी ने भी स्थानीय लोगों को भरोसा दिया था कि आज से यात्रियों के छोटे वाहनों को भी जानकीचट्टी तक छोड़ा जाएगा, लेकिन आज भी पाली गाड़ में ही यात्रियों के छोटे वाहनों का जमावड़ा लगा रहा, जिन्हें आगे नही जाने दिया। जिस पर यहां पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों एवं यमुनोत्री धाम के यात्रा व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों ने गहरी नाराजगी व्याप्त की।

स्थानीय लोगों में रणवीर राणा, नारायण पुरी के पूर्व प्रधान गजेन्द्र सिंह रावत, मनमोहन उनियाल , नारायण उनियाल, सुरेश उनियाल,पवन उनियाल, बिरेंद्र कफोला, खिलानंद उनियाल, पंकज रावत,विजय पंवार, मोहन सिंह, राकेश रावत आदि ने खरसाली यमुना मंदिर प्रांगण में धरना दिया। कहा कि शासन प्रशासन पर यमुनोत्री धाम की हर कदम पर उपेक्षा कर रहा है जो अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बड़कोट महाविद्यालय के छात्रों का आंदोलन स्थगित

उत्तरकाशी। राजकीय महाविद्यालय बड़कोट परिसर में महाविद्यालय के छात्रों की अंक तालिकाओं के सुधार वाली मुख्य समस्या को लेकर बीते दो दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन शुक्रवार देर शाम को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया है। आंदोलन कर रहे छात्रों ने कहा कि यदि दिए गए समय पर छात्रों की अंक तालिकाओं में सुधार नही किया गया तो वह दोबारा महाविद्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्विद्यालय बादशाही थौल टिहरी गढ़वाल के छात्र महासंघ के अध्यक्ष निर्देश चौहान ने बताया है कि शुक्रवार शाम को हुई वार्ता में विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार दिनेश चन्द्रा द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद छात्रों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

शहर में अनुमति के बगैर रैली की इजाजत नहीं

ऋषिकेश। छात्रसंघ चुनाव में छात्र संगठनों को शहर में रैली निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। इसमें न सिर्फ उनका रूट निर्धारण होगा, बल्कि आवेदनकर्ता को रैली में शामिल छात्र–छात्राओं की संख्या भी बतानी होगी। एसपी ऋषिकेश जया बलोनी ने साफ कहा है कि शांति व्यवस्था में कहीं भी खलल पैदा होने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासन और पुलिस की बैठक हुई। छात्र प्रतिनिधियों को सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आवश्यक सुझाव मिलने पर उन्हें भी व्यवस्था के रूप में शामिल करने का भरोसा दिया गया। एसपी जया बलोनी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र के पर्व जैसा है। इसी शांतिपूर्वक संपन्न कराने की जितनी जिम्मेदारी पुलिस और कॉलेज प्रशासन की है, उतनी ही छात्र–छात्राओं की भी है। बताया कि पूर्व की भांति ही इस साल के चुनाव में भी बैरिकेड आदि की व्यवस्था रहेगी। अनुमति के बाद ही चुनाव को लेकर किसी तरह की रैली निकाली जाएगी, तो उसकी अनुमति अनिवार्य होगी। रैली में दोपहिया वाहनों पर ट्रिपलिंग और हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 3500 छात्र–छात्राओं के मतदाता के रूप में इस चुनाव में शामिल होने की संभावना है। विजय जुलूस को लेकर उन्हें साफ किया कि इस तरह की अनुमति किसी भी निर्वाचित प्रत्याशी और संगठन को नहीं होगी। 27 सितंबर को होगा मतदान श्रीदेव सुमन विश्वविद्याल के ऋषिकेश कैंपस निदेशक प्रो. एमएस रावत ने बताया कि चुनावी की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी। 22 सितंबर से नामांकन प्रपत्रों के साथ 27 सितंबर तक मतदान, निर्वाचित प्रत्याशियों घोषण और इसी दिन शपथ ग्रहण कराकर चुनाव को संपन्न कर दिया जाएगा।

मौके पर एसडीएम योगेश मेहरा, सीओ संदीप नेगी, कोतवाल प्रदीप राणा, छात्र संगठन प्रतिनिधि हिमांशु जाटव, अभिषेक त्रिशूलिया, मानसी सती, अजय भारद्वाज, सुजल थापा, अमन धारा, रोहन ठाकुर, सूरज मंडल, किशन, वैभव रावत, दीपक राणा, शुभम कुमार, साक्षी बिष्ट, इमरान खान आदि मौजूद थे।

करियर गाइडेंस एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार, डॉ. पी.द.ब.हि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा करियर गाइडेंस एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी देना तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाओं से परिचित कराना रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक विषय नहीं बल्कि समाज को दिशा देने वाली रचनात्मक कला एवं युवाओं को अपनी अभिव्यक्ति को धार देने और व्यावसायिक जीवन में सफलता पाने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर प्रीति रानी ने नई शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शिक्षा प्रणाली छात्रों को बहुआयामी विकास का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का भी उल्लेख किया और बताया कि जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन से स्नातक करने के पश्चात रोजगार के अपार अवसर उपलब्ध हैं। विभाग के प्राध्यापक श्री चक्रधर कंडवाल ने कम्युनिकेशन की व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिया शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यवहारिक जीवन का हिस्सा है। उन्होंने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार संचार समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। विभाग के प्राध्यापक श्री अनुपम भारद्वाज ने जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों जैसे पत्रकारिता, न्यूज़ एंकरिंग, फोटोग्राफी, इवेंट मैनेजमेंट, पब्लिक रिलेशन, स्क्रिप्ट राइटिंग, न्यूज़ रीडिंग, एडिटिंग आदि के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। विभाग के प्राध्यापक अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि यह कोर्स आज के समय का सर्वाधिक मांग वाला कोर्स है। इस क्षेत्र में स्नातक करने के पश्चात किसी भी विद्यार्थी के लिए रोजगार या अवसरों की कमी नहीं रहती। उन्होंने छात्रों से इस विषय को न केवल करियर, बल्कि समाज सेवा का माध्यम मानकर अपनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन कुमारी कोमल काला ने सधे हुए अंदाज़ में किया तथा समापन पर बीजेएमसी की छात्रा सुहानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के सभी छात्र–छात्राएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

यमुनोत्री हाईवे चौड़ीकरण का कार्य नवरात्रि में होगा शुरू

उत्तरकाशी। पालीगाड़ से जानकीचट्टी तक यमुनोत्री धाम के लिए जाम की समस्या और सड़क बंद होने की समस्या को लेकर नासूर बने यमुनोत्री हाईवे के अब जल्द ही दिन सुधरने वाले हैं। यहां पालीगाड़ से जानकीचट्टी तक ऑलवेदर परियोजना के तहत 344 करोड़ रुपये की लागत से यमुनोत्री हाईवे का चौड़ीकरण कार्य होगा, जिसमें 260 करोड़ का सिविल वर्क होगा। इस हाईवे चौड़ीकरण के कार्य का विधिवत शुभारंभ सोमवार 22 सितंबर नवरात्रि आरंभ के अवसर